केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश में योगी सरकार को भले ही 'अंगद का पांव' बताया हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में ओबीसी-दलित छिटकते दिखे तो अब विधान परिषद चुनाव में टिकट वितरण में प्राथमिकता के बावजूद परंपरागत समर्थक सवर्ण भी दूर जाते दिखे। जाहिर है, यूजीसी जैसे मुद्दों पर परंपरागत समर्थकों में भी नाराजगी दूर करते हुए भाजपा को अपने समीकरण दुरुस्त करने होंगे, क्योंकि विधानसभा चुनाव में कड़ा मुकाबला दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ दिख रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

प्रदूषण और पटाखे

सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिल्ली-एनसीआर में हरित पटाखों की बिक्री और उन्हें चलाने की सीमित छूट देने के 24 घंटे बाद यह सामने आया कि राजधानी में पारंपरिक पटाखों की भी खुलेआम बिक्री हो रही है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए सरकार को उसके निर्देश का पालन करने को कहा। देखना है कि ऐसा हो पाता है या नहीं, क्योंकि बीते वर्षों में सुप्रीम कोर्ट के ऐसे निर्देशों के बाद भी पटाखा बेचने वाले उनको चेन-केन-प्रकारेण बिक्री कर ही लेते हैं। वे हरित पटाखों के नाम पर पारंपरिक यानी कहीं अधिक प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों की भी बिक्री करते हैं। इसका कारण यह है कि इसके ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं कि सभी पटाखे हरित ही हों। आम तौर पर लोग दीवाली पर तय समयसीमा की अनदेखी कर देर रात तक पटाखे छोड़ते रहते हैं। यद्यपि हर कोई इससे परिचित है कि पटाखे प्रदूषण बढ़ाते हैं और पिछले कुछ वर्षों में तो दीवाली के बाद दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के अन्य इलाकों में हवा इतनी विषाक्त हो जाती है कि सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। बहुत कम लोग हैं, जो पटाखों के इस्तेमाल में संयम दिखाते हैं और केवल हरित पटाखे ही चलाते हैं। यह सही है दीवाली पर पटाखों का इस्तेमाल न जाने कब से होता आ रहा है और वे इस पर्व का एक हिस्सा बन गए हैं, लेकिन उनका उपयोग सीमित करके भी तो उल्लासित हुआ जा सकता है। इसके लिए लोग अपनी गली, मोहल्ले में सामूहिक रूप से किसी खुले स्थान पर पटाखे चला सकते हैं और वह भी सुनिश्चित कर सकते हैं कि हरित पटाखे ही चलाए जाएं। इसमें ही सबका हित है।

बीते दो-तीन दशक में हालात बदल चुके हैं। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के एक बड़े क्षेत्र में सर्दियों के आगमन के साथ ही सिर उठाने वाला वायु प्रदूषण दीवाली बाद यकायक बहुत बढ़ जाता है। ऐसे में सभी को अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। समस्या यह है कि औसत लोग जैसे इसको परवाह नहीं करते कि पुराने वाहन चलाने, पराली अथवा कूड़ा-करकट जलाने, धूल उड़ाने वाला निर्माण कार्य कराने से प्रदूषण बढ़ता है, वैसे ही मनचाहे तरीके से पटाखे चलाने से सांसों के लिए संकट पैदा होता है। इससे भी बड़ी समस्या यह है कि सरकार का प्रदूषण रोधी तंत्र भी अपने हिस्से की जिम्मेदारी सही तरह निभाने के बजाय खानापूरी ही अधिक करता है। वह तब चेतता है, जब प्रदूषण गंभीर रूप ले लेता है। यह समझा जाए कि सेहत के लिए घातक संकट पैदा करने वाले प्रदूषण से तभी निपटा जा सकता है, जब सरकारी तंत्र के साथ आम जनता भी उसकी रोकथाम के उपायों पर सही से अमल करने को लेकर सजग रहे। यह सजगता दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के शासन-प्रशासन और लोगों को भी दिखानी होगी।

कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न

उत्तराखंड में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जिम्मेदारी संभालने वाले तंत्र की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बड़ा प्रश्न यह है कि जांच का अभियान त्योहारों पर ही क्यों चलाया जाता है। क्यों नहीं इसे रूटीन कामकाज की प्रक्रिया में शामिल कर लिया जाता। त्योहारों के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ताबड़तोड़ छापेमारी करती है, बाकी दिनों उदासीन बनी रहती है। पिछले एक साल के दरम्यान भरे गए सैंपलों की रिपोर्ट बता रही है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर बेफिक्र नहीं रहा जा सकता है। इस अवधि में दूध और दूध से बने उत्पादों के लगभग आठ सौ नमूने भरे गए, इनमें से लगभग एक चौथाई अधोमानक मिले। दाल, मसाले और तेल-घी के नमूनों की भी कमोबेश यही स्थिति है। विचारणीय पहलू यह कि प्रदेश में सैंपलों के जांच की प्रभावी व्यवस्था क्यों नहीं बन पा रही है। पर्याप्त संख्या में लैब तक नहीं हैं। राज्य गठन के बाद से ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर में बनी लैब से सैंपलों को जांच का बोझ कम नहीं हो पाया है। कुछ समय पहले देहरादून में भी लैब स्थापित कर दी गई, लेकिन वहां संसाधनों के अभाव में जांच को लेकर अभी भी निर्भरता रुद्रपुर पर ही बनी हुई है। यद्यपि दावा किया जा रहा है कि जल्दी ही देहरादून की लैब पूर्ण क्षमता के साथ काम करने लगेगी। कब तक ऐसा होगा, यह तो तंत्र जाने। लेकिन यह सच है कि मिलावटखोरों पर अंकुश लगाने के लिए तंत्र को पारंपरिक ढर्रे से हटकर काम करने की जरूरत है।

> स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से पेश आने के लिए कानून मौजूद है, बस उसे लागू करने की इच्छाशक्ति चाहिए

क्यों अटके पड़े हैं कुछ आवश्यक काम

पिछले कई माह से मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में फेरबदल की खबरें आती हैं और फिर सन्नाटा छा जाता है। कहना कठिन है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल कब होगा और होगा भी या नहीं? इन सवालों का जवाब सरकार ही दे सकती है और वह देने से रही, लेकिन अब जब यह सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गई है, तब उसे न केवल आगामी आम चुनावों की चिंता करनी चाहिए, बल्कि आसन्न विधानसभा चुनावों की भी। उसे अपना शैथिल्य दूर करना चाहिए और अटके पड़े काम करने को भी प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि अगले लोकसभा चुनावों के पहले कम से कम एक दर्जन राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं और इन चुनावों के नतीजे एक हद तक लोकसभा चुनाव के लिए माहौल बनाएंगे। पता नहीं विधानसभा चुनावों के नतीजे क्या होंगे और वे क्या माहौल बनाएंगे, लेकिन यह स्पष्ट ही है कि बीते कुछ समय से विपक्ष मोदी सरकार पर हमलावर है और इसके चलते सत्तापक्ष कभी-कभी रक्षात्मक मुद्रा में भी आ जाता है।

विपक्ष के आक्रामक रवैये की शुरुआत संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन से हो गई थी। मानसून सत्र शुरू होने वाले दिन ही काकरोच जनता पार्टी का शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर संसद मार्च होना था। दिल्ली पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी, फिर भी प्रदर्शनकारियों की भीड़ संसद की ओर जाने को आमादा थी। इसके नतीजे में हिंसा हुई। इसमें प्रदर्शनकारी भी पिटे और पुलिस भी, लेकिन पैरेटिव कुछ ऐसा बना कि पुलिस ने शांति का परिचय दे रही भीड़ पर बेवजह बल प्रयोग किया। इस पैरेटिव के चलते भी धर्मेंद्र प्रधान को त्यागपत्र देना पड़ा। इस त्यागपत्र ने विपक्ष को उत्साहित किया और तबसे उसका उत्साह कायम ही है। पिछले कुछ समय से मोदी सरकार विपक्ष के वोट चोरी के आरोप का सामना करने में लगी हुई है। विपक्ष मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण यानी एसआइआर को वोट चोरी सिद्ध करने के लिए चाहे जो कहे, आमतौर पर आम लोगों के बीच यह भाव नहीं है कि चुनाव आयोग विपक्ष को हराने के लिए जानबूझकर उसके वोट काट रहा है। इस मामले में हर किसी को इंतजार है एसआइआर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि विपक्ष और खासकर कांग्रेस उसके फैसले को मानेगी। जो भी हो, मोदी मंत्रिमंडल के संभावित फेरबदल-विस्तार का भी इंतजार है। मंत्रिमंडल में आवश्यक हो चुके फेरबदल-विस्तार में वैसी ही देरी हो रही है, जैसी भाजपा के नए अध्यक्ष के चयन में हुई थी। भले ही मोदी सरकार के समर्थक उसके हर फैसले को मास्टरस्ट्रोक कहते हों, लेकिन वस्तुस्थिति यही नहीं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल-विस्तार केवल इसलिए आवश्यक नहीं कि सरकार ने अपने इस कार्यकाल में उसमें कोई फेरबदल नहीं किया है। यह इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि कई मंत्री त्यागपत्र दे चुके हैं या उन्हें देना पड़ा है। कुछ मंत्रियों के पास दूसरे मंत्रालयों का अतिरिक्त प्रभार है। इनमें शिक्षा जैसा महत्वपूर्ण मंत्रालय भी है। कुछ मंत्रालयों का कामकाज सुस्ती का भी शिकार है। माना कि कुछ मंत्रालयों का बहुत महत्व नहीं होता, पर शिक्षा जैसे मंत्रालय को अतिरिक्त प्रभार के सहारे चलाना बिल्कुल भी ठीक नहीं। शिक्षा मंत्रालय के पास व्यापक दायित्व हैं। इनमें एक दायित्व केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों और शिक्षकों के रिक्त पद समय से भरना है। जानना कठिन है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों के रिक्त पदों को भरने का काम क्यों अटका रहता है? विडंबना यह है कि कई संस्थान-निकाय भी ऐसे हैं, जिनमें रिक्त पड़े महत्वपूर्ण पदों को भरने में देरी का सवाल उठता रहता है। आखिर कड़े और बड़े फैसले लेने वाली सरकार अहम रिक्त पदों को भी भरने में विलंब क्यों करती है?

यह ठीक नहीं कि 12 बरस बाद भी कई ऐसे काम रुके पड़े हैं, जो अब तक हो जाने चाहिए थे। बतौर उदाहरण पुलिस और प्रशासनिक सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। प्रशासनिक सुधार न होने का एक बड़ा दुष्परिणाम यह है कि मोदी सरकार के भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का दावा सही साबित नहीं हुआ। नौकरशाही का भ्रष्टाचार अब भी एक समस्या बना हुआ है और आम लोग उससे त्रस्त हैं। केंद्रीय नौकरशाही के शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगने का यह अर्थ नहीं कि मध्यम और निचले स्तर की नौकरशाही का भी भ्रष्टाचार नियंत्रित हो गया है। केवल पुलिस और प्रशासनिक तंत्र में ही सुधारों का इंतजार नहीं हो रहा है। न्यायिक सुधारों की भी व्यग्रता से प्रतीक्षा हो रही है, क्योंकि वे भी अटके पड़े हैं। निःसंदेह इसका एक कारण न्यायपालिका का रुख भी है, लेकिन सरकार को न्यायिक तंत्र में सुधार की नए सिरे से पहल तो करनी ही चाहिए। यह सही है कि मोदी सरकार ने 12 वर्ष में कई बड़े काम किए और राम मंदिर निर्माण और अनुच्छेद 370 खत्म करने के भाजपा के दो बड़े एजेंडे पूरे हो गए, लेकिन आखिर क्या कारण है कि तीसरे बड़े एजेंडे यानी समान नागरिक संहिता का निर्माण सरकार किया जा रहा है? मोदी सरकार को नई ऊर्जा, नए उत्साह और नए नैरेटिव की जो आवश्यकता है, उसकी पूर्ति प्रतीक्षा सूची में पड़े काम करने से ही संभव है।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)

response@jagran.com



राजीव सचान

जैसे भाजपा अध्यक्ष के चयन में अनावश्यक देरी हुई थी, वैसे ही मोदी मंत्रिमंडल के फेरबदल-विस्तार में भी हो रही है



अधूरे कामों को प्राथमिकता से पूरा करने का समय। प्रेट्र



ऊर्जा

समानुभूति

हम दूसरों के दर्द को बाहर से देखते हैं, इसलिए वो हल्का लगता है। उसके संघर्ष को देख सकते हैं, उसकी कहानी सुन सकते हैं, लेकिन उसके भीतर चल रहे उस अदृश्य तूफान को महसूस नहीं कर सकते, जो वह हर पल जी रहा है। रिश्तों का टूटना, नौकरी छूटना या धनाभाव आदि को हम दूर से देखकर कह देते हैं कि 'इतना तनाव मत लो, सब सही हो जाएगा। बस हिम्मत रखो।' यह सलाह देने वाले की अच्छी नीयत भी हो सकती है, लेकिन अक्सर जब कोई हमें यह कहता है कि 'यह तो छोटी सी बात है', तो अनजाने में वह हमारे दर्द को छोटा बता रहा होता है। जबकि वही बात जब खुद उसके साथ होती है, तो रातों की नींद उड़ जाती है, हर सांस भारी हो जाती है। तब समझ आता है कि किसी को सांत्वना या दिलासा के दो शब्द कहना बहुत आसान होता है, लेकिन उस गहरे दर्द, रिक्तता और एकाकीपन के साथ हर दिन जीना बेहद कठिन होता है।

हम सब यही दोहरा मापदंड रखते हैं कि दूसरों से उम्मीद करते हैं कि वे हमारी तकलीफ को समझें, परंतु अक्सर हम खुद दूसरों की तकलीफ को हल्के में ले लेते हैं। मुश्किल वक्त में हमें दिलासा नहीं, बल्कि एक ऐसा कंधा चाहिए होता है जो बिना किसी उपदेश के हमें सुन सके। उस समय किसी के इतना भर कह देने से कि 'मैं समझता हूं कि यह सच में बहुत मुश्किल है।' तब आधा दर्द और बोझ वहीं हल्का हो जाता है। अकेलापन महसूस नहीं होता। यह अहसास होता है कि इस दुनिया में कम से कम कोई एक ऐसा है, जो हमारी इस भारी सांस को महसूस कर पा रहा है। जीवन में हमें सहानुभूति के बजाय समानुभूति की अपेक्षा होती है। समाधान देना हमेशा किसी के हाथ में नहीं होता, लेकिन किसी के साथ खड़े रहना और उसके दर्द को मान्यता देना हम सबके हाथ में जरूर होता है।

डा. निर्मल जैन

मतदान बढ़ाने में कारगर 'वोट अर्ली डे' पहल

डा. सुधीर कुमार

अमेरिका में 'वोट अर्ली डे' का प्रयोग चुनावों में जनभागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक अभिनव पहल है

अमेरिका में 'वोट अर्ली डे' (पूर्व मतदान दिवस) का प्रयोग चुनावों में जनभागीदारी बढ़ाने, मतदान को प्रोत्साहित करनेकी दिशा में एक अभिनव पहल है। अमेरिका में तीन नवंबर, 2026 को कई राज्यों एवं स्थानीय निकायों के चुनाव निर्धारित थे, लेकिन चुनाव के पूर्व 24 अक्टूबर को वहां 'वोट अर्ली डे' का आयोजन किया गया, जिसके जरिये लोगों को जागरूक किया गया कि वे निर्धारित चुनाव तिथि को ही नहीं, बल्कि सुविधानुसार पहले भी अपना वोट डाल सकते हैं।

'वोट अर्ली डे' एक गैर-सरकारी पहल है, जिसकी शुरुआत 2020 में की गई थी। यह प्रत्येक मतदाता को चुनाव की तिथि से पूर्व अपनी सुविधानुसार मतदान करने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। इस पहल का उद्देश्य चुनाव में उस तबके की सहभागिता सुनिश्चित करना है, जो निर्धारित तिथि को किसी कारण से मतदान केंद्र पर जाने में असमर्थ होते हैं। ऐसे लोगों के लिए निर्धारित तिथि से पूर्व व्यक्तिगत रूप से मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाती है, जिससे चुनाव के आखिरी समय में आने वाली समस्याओं से उन्हें बचाया जा सकता है। यह पहल न सिर्फ मतदान प्रतिशत बढ़ाने में कारगर है, बल्कि मतदान के दिन केंद्रों पर भीड़ नियंत्रण, व्यस्तता एवं यातायात संबंधी परेशानी, बहानेबाजी से बचने और प्रतीक्षा समय घटाने में भी सहायक है। यह मतदान करने की एक वैकल्पिक व्यवस्था है, जो नागरिकों को उसके प्रथम राजनीतिक कर्तव्य के पालन का अवसर देती है। यह सुनिश्चित करती है कि लोकतंत्र में वोट देने के महत्वपूर्ण राजनीतिक अधिकार से कोई भी नागरिक वंचित न रहे। 'वोट अर्ली डे' लोगों को लोकतंत्र में सहभागिता का अवसर प्रदान करती है। यह इस अवधारणा पर आधारित है कि चुनाव किसी एक तिथि की बाध्यता से मुक्त है। इसमें लचीलापन का समावेश करते हुए इसे नागरिकों की अधिकाधिक सुविधा पर केंद्रित किया गया है। यह लोकतंत्र की रीढ़ समझी जाने वाली मतदाताओं की सहूलियत बढ़ाने के ध्येय पर केंद्रित है, जो निश्चित रूप से मतदान प्रतिशत में वृद्धि और जनसहभागिता बढ़ाने पर बल देती है।

किसी भी लोकतांत्रिक देश में चुनाव के माध्यम से जनता न सिर्फ सरकार चुनती है, बल्कि अपने भविष्य का निर्धारण भी करती है। भारत में जहां तमाम प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत 60-70 प्रतिशत से अधिक नहीं हो पाता है, वहां 'वोट अर्ली डे' जैसी पहल चुनावों में जनभागीदारी बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो सकती है। यह पहल इसलिए भी विशिष्ट है कि यह चुनाव आयोग की सुविधा के बजाय मतदाताओं की सहूलियत को केंद्र में रखकर मतदान प्रक्रिया को अधिक सहज और सुलभ बनाता है।

(लेखक स्तंभकार हैं)

मतदाता सूचियों का हो शुद्धीकरण

'घुसपैठिए मतदाता' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय का मर्म बिल्कुल उचित ही है कि मतदाता सूची से अपात्र नाम हटाना लोकतंत्र की शुचिता के लिए अनिवार्य है। घुसपैठियों को भारतीय नागरिकों के बराबर ही मताधिकार का लाभ उठाने देना राष्ट्रीय संप्रभुता और निर्वाचन व्यवस्था, दोनों के साथ समझौता होगा। हालांकि तीन करोड़ घुसपैठियों जैसे बड़े दावे केवल राजनीतिक मंचों से नहीं, ठोस प्रमाणों और आधिकारिक तथ्यों से पुष्ट होने चाहिए। लोकतंत्र में मतदाता सूची की पवित्रता जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण प्रत्येक पात्र नागरिक का मताधिकार भी है। मृतकों, दोहरी प्रविष्टियों, स्थायी रूप से स्थानांतरित लोगों और विदेशी नागरिकों की पहचान आवश्यक है, लेकिन प्रक्रिया की त्रुटियों से किसी गरीब, प्रवासी, बुजुर्ग अथवा सामान्य नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार नहीं छिनना चाहिए। निर्वाचन आयोग को पुनरीक्षण के निष्कर्ष, श्रेणीवार आंकड़े, आपत्तियों के निस्तारण और अपील की पारदर्शी व्यवस्था सार्वजनिक करनी चाहिए। राजनीतिक दलों को भी इस संवेदनशील विषय को आरोपों और वोटबैंक की भाषा से मुक्त रखना होगा। राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा और लोकतंत्र के अधिकारों की रक्षा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। लोकतंत्र में संदेह जांच का आधार हो सकता है, किसी नागरिक को दोषी ठहराने का प्रमाण नहीं। इसका ध्यान सदैव रखना चाहिए।

बिमलेश कुमार सिंह चौहान, लखनऊ

मेलबाक्स

एकाकी जीवन

एकल जीवन का अर्थ है किसी जीवनसाथी या बड़े परिवार के बिना स्वतंत्र रूप से जीना। आधुनिक समय में वैश्विक स्तर पर और भारतीय समाज में भी एकल जीवन जीने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। पहले जहां परिवार के साथ रहना ही जीवन का एकमात्र उद्देश्य माना जाता था, वहीं आज की युवा पीढ़ी और कामकाजी लोग अकेले रहने को एक सकारात्मक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। यह जीवन जीने की एक ऐसी शैली है, जिसके अपने अनेकों फायदे और कुछ चुनौतियां भी हैं। आज के इस आधुनिक समय में लोग एकल परिवार ज्यादा पसंद कर रहे हैं, लोग आजाद रहकर जीना चाहते हैं, पर उनकी खतिर से घर की एकता का हनन हो रहा है। घर की नींव कमजोर पड़ती जा रही है। लोग सिर्फ अपने बारे में सोच रहे हैं। इससे उन्हें कई आर्थिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है।

कुमार गौरव, मधुबनी, बिहार

मिलावटखोरी पर रोक

भारत में मिठाइयों का विशेष महत्व है। यहां त्योहार हो, शादी-विवाह हो, जन्मदिन हो या कोई अन्य शुभ अवसर, मिठाइयों के बिना हर खुशी अधूरी मानी जाती है। भारतीय संस्कृति में मिठाई केवल स्वाद का माध्यम नहीं, बल्कि प्रेम, अपनत्व और खुशियों का प्रतीक भी है। लेकिन आज मिठाइयों में बढ़ती मिलावटखोरी ने इस मिठास को जहर में बदलने का खतरा पैदा कर दिया है। मिठाइयों में मिलावट की खबरें ग्राहकों के लिए विशेष चिंता का विषय हैं। दूध से बने उत्पादों में दूध की जगह पानी, स्टार्च, यूरिया, डिटर्जेंट, वनस्पति तेल, सस्ते रसायन और सिंथेटिक पदार्थों की मिलावट की जाती है, जो उपभोक्ताओं की सेहत पर प्रतिकूल असर डाल सकती है। इससे किडनी फेल होने, लिवर को नुकसान पहुंचने, हृदय संबंधी समस्याएं होने और तीव्रता तंत्र प्रभावित होने का खतरा रहता है। कुछ जहरीले रसायनों के लंबे समय तक सेवन से कैंसर का जोखिम भी बढ़ सकता है। मिलावटखोरों में संलिप्त लोगों पर हत्या जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा चलाने पर भी विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि मिलावट सीधे लोगों की जान से खिलवाड़ है।

mkumar.sidhmukh@gmail.com

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:

दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, अई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : (0120)-4615600, E-mail: delhi@mda.jagran.com. R.N.I. No. DELHIN/2017/71721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।




डा. संजय वर्मा
एसोसिएट प्रोफेसर, वेनेट यूनिवर्सिटी

आजकल

ब्रेन गेन के लिए कितना तैयार भारत

केंद्र सरकार अक्सर विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे कुशल भारतीय पेशेवरों, विज्ञानियों और शोधकर्ताओं से स्वदेश लौटकर देश के विकास में योगदान देने का आग्रह करती है। हाल में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी जर्मनी में ऐसी ही अपील की। प्रतिभाशाली लोग किसी देश में काम करना इसलिए पसंद करते हैं, क्योंकि वहां उनकी योग्यता को सम्मान, शोध के लिए संसाधन और परिश्रम के अनुरूप अवसर मिलते हैं। भारत को भी ऐसा मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना चाहिए



भारतीय छात्रों को आकर्षित करते विदेशी विश्वविद्यालय। प्रतीकात्मक

भारत अपने प्रतिभाशाली युवाओं से स्वदेश लौटने की अपील कर रहा है। भारतीय विज्ञानियों और शोधकर्ताओं से देश लौटकर उसके विकास में योगदान देने का आह्वान किया जा रहा है। हाल में जर्मनी गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन में भी ऐसी ही अपील की। यह केवल उनकी पहल नहीं है। केंद्र सरकार भी अक्सर विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे कुशल पेशेवरों से स्वदेश लौटकर देश के विकास में योगदान देने का आग्रह करती है। अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और अनुभव हर आधुनिक समाज के लिए उपयोगी हैं, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब उच्च शिक्षा और नौकरी के लिए विदेश जाने को सफलता का अनिवार्य प्रमाण, जबकि स्वदेश लौटने को मजबूरी या पेशेवर समझौता समझा जाने लगता है।

बदलती दुनिया में भारतीय प्रतिभाओं की स्थिति : इसमें संदेह नहीं कि पिछले तीन-चार दशकों में भारतीय पेशेवरों ने अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, वित्त और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में भारतीय प्रतिभाओं ने अपनी पहचान बनाई है, लेकिन वैश्वीकरण का वह दौर, जिसमें प्रतिभाओं की अंतरराष्ट्रीय आवाजाही को आर्थिक प्रगति का स्वाभाविक माध्यम माना जाता था, अब राजनीतिक और सामाजिक प्रतिरोध का सामना कर रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप के कई विकसित देशों में आवास की बढ़ती कीमतों, सार्वजनिक सेवाओं पर दबाव, रोजगार की असुरक्षा और आर्थिक असमानता ने आव्रजन-विरोधी राजनीति को नया आधार दिया है। कुछ राजनीतिक समूह विदेशी कामगारों और छात्रों को स्थानीय समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराने लगे हैं। कई जगहों पर भारतीयों सहित प्रवासी समुदायों के प्रति नस्ली पूर्वाग्रह और शत्रुतापूर्ण व्यवहार नई चिंताएं पैदा कर रहे हैं। हालांकि इसे समस्त पश्चिमी समाजों की मानसिकता मानना गलत होगा, क्योंकि वहां के कई विश्वविद्यालय और उद्योग आज भी भारतीय प्रतिभाओं को महत्व देते हैं। फिर भी, विदेश में शिक्षा प्राप्त करने पर होने वाला भारी खर्च, बीजा संबंधी अनिश्चितता और रोजगार की बढ़ती प्रतिस्पर्धा जैसे जोखिम बढ़े हैं। ये परिस्थितियां निश्चय ही भारत के लिए नए अवसर पैदा करती हैं, लेकिन यह ध्यान रखना होगा कि कोई अवसर अपने आप उपलब्धि में नहीं बदलता। विकसित देशों में हालात कठिन होने का यह अर्थ नहीं है कि भारतीय प्रतिभाएं स्वतः या केवल एक आह्वान पर स्वदेश लौट आएंगी और यहां योगदान करेंगी। प्रतिभाशाली लोग किसी देश में काम करना इसलिए पसंद करते हैं, क्योंकि वहां उनकी योग्यता को सम्मान, शोध के लिए संसाधन और परिश्रम के अनुरूप अवसर मिलते हैं।

विदेश जाने की आकांक्षा : विदेश में शिक्षा प्राप्त करने की भारतीय आकांक्षा को केवल पश्चिमी जीवनशैली के आकर्षण से जोड़कर नहीं समझा जा सकता। इसके पीछे देश की शिक्षा और रोजगार व्यवस्था की वास्तविक सीमाओं को भी ध्यान में रखना होगा। विदेश मंत्रालय द्वारा दिसंबर 2025 में संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, विदेश में अध्ययनरत भारतीय छात्रों की संख्या करीब 18.82 लाख थी। इनमें से लगभग 12.54 लाख छात्र विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे थे। इन आंकड़ों में स्कूली शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि कई भारतीय परिवार वर्षों की बचत खर्च करके, संपत्ति गिरवी रखकर या शिक्षा ऋण लेकर अपने बच्चों को विदेश भेजते हैं। इसके पीछे बेहतर रोजगार, अधिक आय और सुरक्षित भविष्य की अपेक्षा होती है। हालांकि सभी का उद्देश्य विदेश में बसना नहीं होता। अनेक विशिष्ट पाठ्यक्रमों, आधुनिक प्रयोगशालाओं और अंतरराष्ट्रीय अनुभव के लिए विदेश जाते हैं।

दरअसल भारत अब कई यूरोपीय देशों के साथ व्यापार, निवेश, अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग मजबूत करना चाहता है। इसके लिए भारत सरकार विभिन्न विकसित देशों के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, माइक्रो-इलेक्ट्रानिक्स, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में साझेदारियां विकसित करने पर जोर दे रही है, लेकिन इन साझेदारियों के साथ-साथ भारतीय प्रतिभाओं की स्वदेश वापसी के लिए केवल आर्थिक प्रोत्साहन पर्याप्त नहीं होंगे। इसके लिए मजबूत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र और उद्योग-अकादमिक सहयोग की भी जरूरत होगी। कोई विज्ञानी भारत लौटने का फैसला करते समय केवल वेतन नहीं देखता। वह प्रयोगशालाओं की गुणवत्ता, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, शोध सहयोगियों, वित्तीय संसाधनों, प्रशासनिक स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की संभावनाओं के साथ-साथ देश में बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का भी आकलन करता है।

शोध में निवेश की जमीनी हकीकत : इसी तरह, विदेश की आधुनिक प्रयोगशालाओं में काम कर रहे भारतीय शोधकर्ता यह जानना चाहते हैं कि क्या उन्हें भारत में समान स्तर के संसाधन मिलेंगे? क्या परियोजनाओं के लिए धन समय पर उपलब्ध होगा? क्या नियुक्तियां पारदर्शी होंगी और शोधकर्ताओं का मूल्यांकन उनके वास्तविक वैज्ञानिक योगदान के आधार पर किया जाएगा? इन सवालों का जवाब दिए बिना प्रतिभाओं की वापसी का आह्वान प्रभावी राष्ट्रीय नीति का रूप नहीं ले सकता। दरअसल भारत की वैज्ञानिक महत्वाकांक्षाओं और अनुसंधान निवेश के बीच अभी भी पर्याप्त अंतर है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जुलाई 2026 में संसद को उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, अनुसंधान एवं विकास पर देश का सकल व्यय वित्त वर्ष 2019-20 के लगभग 1.33 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में करीब 2.45 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसी अवधि में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में यह व्यय 0.66 प्रतिशत से बढ़कर 0.84 प्रतिशत तक पहुंच गया। यह बढ़ोतरी सकारात्मक है, लेकिन अमेरिका, चीन, जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की तुलना में भारत का अनुसंधान निवेश अभी भी बहुत सीमित है। आर्थिक समीक्षा 2025-26 में भी इस स्थिति को रेखांकित करते हुए अनुसंधान में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की जरूरत बताई गई थी।

हमारे देश में समस्या केवल संसाधनों की कमी की नहीं, बल्कि उनके उपयोग की भी है। अनेक संस्थानों में शोध परियोजनाओं की स्वीकृति, उपकरणों की खरीद, नियुक्तियों और भुगतान की प्रक्रियाएं बेहद लंबी होती हैं। युवा शोधकर्ताओं के लिए स्थायी रोजगार की अनिश्चितता एक अलग चुनौती पैदा करती है। विश्वविद्यालयों में कई बार मौलिक शोध के बजाय प्रकाशनों की संख्या, उद्धरणों (साइटेशन) और रैंकिंग को ज्यादा महत्व दिया जाता है। ऐसी व्यवस्था में जोखिमपूर्ण वैज्ञानिक प्रयोग और मौलिक विचार अपेक्षित प्रोत्साहन के अभाव में दम तोड़ देते हैं। ध्यान रहे कि वैज्ञानिक प्रतिभा का सम्मान केवल पुरस्कारों से नहीं, बल्कि स्वतंत्रतापूर्वक काम करने की स्थितियों और निवेश के उपलब्ध कराने से होता है। भारत की असली सफलता उस दिन होगी, जब भारतीय प्रतिभाओं को लौटाने के लिए आग्रह की जरूरत नहीं पड़ेगी। जब ऐसे योग्य व्यक्ति खुद अनुभव करेंगे कि भारत में उनकी प्रतिभा के लिए बेहतर संभावनाएं हैं, तब ब्रेन गेन देश की वैज्ञानिक और संस्थागत प्रगति का स्वाभाविक परिणाम होगा।

जामनगर जैसे उदाहरणों से खुलेंगे नए दरवाजे

भारत में प्रतिभाओं की वापसी का सवाल केवल विश्वविद्यालयों और प्रयोगशालाओं से संबंधित नहीं है। इसका सीधा संबंध देश की औद्योगिक क्षमता, उद्यमिता और आर्थिक आत्मनिर्भरता से भी है। यदि विज्ञानियों और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को अपने शोध और महारत को व्यावसायिक उत्पादों में बदलने के मौके नहीं मिलेंगे, तो विश्वस्तरीय प्रतिभाओं को आकर्षित करने का इरादा सिर्फ नारों तक सीमित रहेगा। इसे हाल में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के भारत दौरे के परिप्रेक्ष्य में समझने की जरूरत है। रूबियो इस दौरे में गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस का तेल रिफाइनरी प्लांट देखने गए थे। यह प्लांट भारत की औद्योगिक उपलब्धि या कहें कि एक राष्ट्रीय शक्ति के महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में देखा जा सकता है। जामनगर स्थित विशाल तेलशोधन प्लांट इसका उल्लेखनीय उदाहरण है कि सीमित घरेलू पेट्रोलियम संसाधनों के बावजूद भारत ने बड़ी तेलशोधन क्षमता विकसित करते वैश्विक ऊर्जा बाजार में अपनी स्थिति मजबूत की है।

इस उदाहरण का प्रतिभाओं की वापसी से गहरा संबंध हो सकता है। अत्याधुनिक उद्योग केवल रोजगार नहीं देते, वैज्ञानिक अनुसंधान, विश्वविद्यालयों और नवाचार केंद्रों के लिए मांग भी पैदा करते हैं। इसलिए भारत को सूचना प्रौद्योगिकी और सेवा क्षेत्र के बाहर भी ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी, उन्नत विनिर्माण और अन्य अनुसंधान आधारित उद्योगों में विश्व स्तरीय क्षमताएं विकसित करनी होंगी। और सिर्फ बड़े औद्योगिक घरानों का विस्तार नहीं करना होगा, बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, नए उद्यमियों के लिए समान अवसर, पारदर्शी नियमन और पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों को प्राथमिकता में लाना भी जरूरी होगा। ब्रेन गेन का स्थायी आधार सिर्फ विज्ञानी के लिए नए पद सृजित करने से नहीं, बल्कि ऐसी ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करने से बनेगा, जिसमें वैज्ञानिक खोजों से लेकर औद्योगिक उत्पादन तक अवसरों की पूरी शृंखला मौजूद हो।

खरी-खरी

लोकतांत्रिक विरासत

डा. प्रदीप मिश्र

नेताजी के धन-वैभव की भव्यता ऐसी है कि संपदा के शिखर पर बैठे तमाम अरबपति, खरबपति और इसके आगे वाले पति भी, उनसे उधार मांगकर अपना उद्धार करते हैं। उनके पास सत्ता, मीडिया, जमीन, न्यूसेंस वैल्यू, गुंडे, फर्जी वोटर...क्या नहीं हैं? दूर से देखने में नेताजी दुनिया के सबसे सुखी व्यक्ति दिखते हैं, लेकिन भगवान ऐसा होने कहां देते हैं? कुछ न कुछ कमी रही ही आती है।

लोकतंत्र में कुर्सी की विरासत अपने पुत्र को ही सौंपने का नियम होता है, इसलिए नेताजी अपने नैसर्गिक उत्तराधिकारी बड़के भैया को अपनी लोकतांत्रिक विरासत सौंपना चाहते थे, लेकिन सौंप नहीं पा रहे थे। इस कार्य में होती देरी को देखते हुए मैंने पूछा, 'नेताजी आप बड़के भैया को अपना उत्तराधिकारी घोषित करने में देरी क्यों कर रहे हैं?'

'कैसे घोषित कर दें? उसमें एक भी लक्षण दिखता है विरासत संभालने के?' नेताजी झुंझलाए। मैंने पूछा, 'बड़के भैया में क्या समस्या है?' 'राजनीति कृषोष्ण का शिकार है बड़के। सत्ता के लिए एकदम मिस-फिट।' नेताजी दुखी थे। मैंने बड़के की राजनीतिक मिस-फिटता की बजह जाननी चाही तो वे बोले, 'तुमने कभी सुना कि बड़के ने कुछ ऐसा बयान दिया हो, जिससे विपक्षियों ने माफी की मांग करते हुए धरना दिया हो? और कोर्ट ने भी कड़ी फटकार लगाई हो।' 'नहीं। ऐसा तो कभी नहीं सुना।'

'कभी सुना कि उसकी कोई 'मीटू' कभी सामने आई हो?' 'नहीं, उनकी कोई मीटू कभी सामने नहीं आ पाई।' 'ऐसा कभी हुआ कि उसकी तेज रफ्तार कार ने लोगों को कुचला हो?' मैंने नहीं कहते हुए सिर हिलाया। 'सरकारी अफसर को धमकाते हुए कभी उसका वीडियो सामने आया?' मैंने फिर नहीं कहा तो नेताजी उदास स्वरों में बोले, 'कुर्सीधारी, तमाम पावरों से लदे-फंदे नेता के बेटे की न कोई शिकायत, न चरित्रहीनता, न धूर्तता, न पुलिस, न अदालत...? राजनीतिक रूप से इन्हें कृषोष्ण ही तो माना जाएगा?

अब बताओ भला मैं ऐसे कृषोष्ण कुपुत्र को कैसे अपना राजपाट सौंप दूं?' कहकर नेताजी बेचैन हो उठे।

पोस्ट

सीआरपीएफ जैसे केंद्रीय अर्धसैनिक बल में साल भर के दौरान एक भी क्षति न होना वाकई में बहुत बड़ी कामयाबी है। इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है।

मीनाक्षी जोशी@IMinakshiJoshi

दशकों से बनाए घुसपैठिया वोट बैंक को बचाने के लिए घंद राजनीतिक दल खेदनगद खेल, खेल रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खेहद खतरनाक है। यदि करोड़ों घुसपैठिए देश में वोट करेंगे तो भारतीय नागरिकों के वोट का क्या मूल्य बचेगा?

पूर्णिमा शर्मा@sharmapurnima1

राजनीति में जीत केवल सत्ता हासिल करने का नाम नहीं है, बल्कि निरंतर जनविश्वास बनाए रखने की कला भी है और जनविश्वास में गिरावट के शुरुआती संकेतों को समय रहते पहचान लेना ही किसी मजबूत संगठन की असल परीक्षा होती है।

मनीष पांडेय@ManishPandeyLKW




बांग्लादेश ने अब 'ग्राफ्ति' के खेत में बड़ी मुहर हासिल कर ली है। वहां लोगों ने फिर से आंदोलनी शुरू कर दी है। यही वजह है कि मुझे भारतीय वामपंथियों से नाहरत है। वामपंथी भारत में भी यही सब चाहते हैं।

कुशल मेहरा@kushal_mehra

जागरण जनमत — कल का परिणाम

अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में ट्रंप को झटका लगने से उनका रवैया सुधरेगा?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या सुप्रीम कोर्ट को धरना-प्रदर्शन का प्रोटोकाल बनाना चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

शहनाई के बीच ही मचने लगी गुहार,
संकट में दिखने लगी अब्दुल्ला सरकार।
अब्दुल्ला सरकार रुष्ट दिखते हैं साथी,
जो न उजर के साथ बन सके थे बाराती!
अच्छा है लो रेस्ट घुमकर आओ भाई,
उन्हें समय दो साथ बजी जिनके शहनाई!!

-ओम प्रकाश तिवारी

हरियाणा डायरी



सुधीर तंवर
विशेष संवाददाता, हरियाणा ब्यूरो

गुमनाम बलिदानियों को मिलेगी पहचान

देश की आजादी की पहली लड़ाई यानी 1857 की क्रांति के गुमनाम बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों को अब हरियाणा नई पहचान दिलाएगा। अंबाला में 22 एकड़ में निर्मित भव्य स्मारक लोकार्पण के लिए तैयार है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को इसे लोकार्पित करेंगे। इस स्मारक में 22 भव्य गैलरियों के माध्यम से आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए उस दौर की लड़ाइयों, घटनाओं और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया है। स्मारक के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के उस इतिहास को सामने लाने का प्रयास किया गया है, जो अब तक व्यापक रूप से उजागर नहीं हो पाया था।

इसके साथ ही इतिहास में अंबाला छावनी की भूमिका राष्ट्रीय स्तर पर नए सिरे से सामने आने वाली है।



अंबाला में निर्मित एशिया का सबसे बड़ा स्मारक। जागरण

इतिहासकार डा. केसी यादव के शोध और उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार 10 मई, 1857 को मेरठ से करीब नौ घंटे पहले अंबाला छावनी में क्रांति की शुरुआत हो चुकी थी। यहां तैनात पांचवीं और 60वीं नेटिव इन्फैंट्री के सैनिक सुबह ही हथियार लेकर बैरकों से बाहर आ गए थे। अंग्रेजों ने इस विद्रोह को दबाने के लिए क्रूर कार्रवाई की। राष्ट्रीय अभिलेखागार में उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार सितंबर 1857 में परेड ग्राउंड पर 135 भारतीय सैनिकों को महज 10 मिनट में गोलियों से भून दिया गया था। 33 सैनिक बंदी बनाए गए, जबकि 40 भागने में सफल रहे। इस विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने बंगाल आर्मी की 74 नियमित नेटिव इन्फैंट्री रेजिमेंटों में से 54 को भंग कर दिया था। 15 को निरस्त्र कर दिया गया और केवल तीन को वफादार माना गया। सभी 10 नियमित लाइट कैवेलरी रेजिमेंट भी भंग कर दी गईं। अंबाला की पांचवीं और 60वीं नेटिव इन्फैंट्री तथा चौथी कैवेलरी को भी विद्रोही मानते हुए भंग किया गया था।

इतिहास को संजोए स्मारक की विभिन्न गैलरियों में अंबाला से लेकर थानेसर, रोहतक, रेवाड़ी, मेरठ, दिल्ली और झांसी तक के क्रांतिकारी घटनाक्रम आधुनिक तकनीक और दृश्य माध्यमों से प्रदर्शित होंगे। राव तुलाराम, रानी लक्ष्मीबाई और तात्या टोपे सहित अनेक क्रांतिकारियों के संघर्ष को स्थान दिया गया है। एशिया के सबसे बड़े संग्रहालय में करीब 700 शहीदों के नाम, पिता और गांव के नाम सहित, सुनहरे अक्षरों में अंकित होंगे। गुमनाम क्रांतिकारियों के लिए विशेष गैलरी बनाई गई है।

श्रद्धांजलि देने पर विशेष तकनीक से ज्योति प्रज्वलित होगी और श्रद्धांजलि देने वाले का नाम दर्ज होगा। परिसर में 65 मीटर ऊंचा कमल का फूल, दो हाईस्पीड लिफ्ट, स्काई कैफे, फूड कोर्ट और हेलीपैड बनाया गया है।

नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास की सही जानकारी मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार ने सभी कालेजों, पालिटेक्निक, इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों सहित शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को सरकारी खर्च पर स्मारक दिखाने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रतिदिन करीब 50 बसें लाने की योजना है। स्कूली विद्यार्थियों को भी भ्रमण कराया जाएगा। स्मारक का उद्देश्य पहली क्रांति के उन गुमनाम बलिदानियों को इतिहास में सम्मानजनक स्थान दिलाना है, जिनकी कुर्बानियां लंबे समय तक व्यापक पहचान से वंचित रहीं। स्मारक में कमल के फूल को भी ऐतिहासिक प्रतीक के रूप में दर्शाया गया है। उस समय कमल और रोटी का इस्तेमाल क्रांतिकारियों द्वारा दुकड़ियों के बीच गुप्त संदेश पहुंचाने के लिए किया जाता था।

कैबिनेट मंत्री अनिल विज कहते हैं कि 1857 की क्रांति देश की आजादी की पहली लड़ाई थी, जो कांग्रेस के गठन से भी 28 वर्ष पहले लड़ी गई थी। दुर्भाग्यवश, इस ऐतिहासिक संग्राम और इसमें अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अनेक वीरों के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं मिल पाया, जिसके वे हकदार थे। देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग युद्धों और घटनाओं से जुड़े स्मारक हो सकते हैं, लेकिन आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित यह स्मारक अपने आप में विशेष और ऐतिहासिक महत्व रखता है। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम भारतीय इतिहास का अत्यंत महत्वपूर्ण अध्याय है। इस संग्राम में देश के अनेक वीरों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था।

यह स्मारक उन वीर शहीदों के योगदान और बलिदान को सम्मान देने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता आंदोलन के वास्तविक इतिहास से परिचित करवाने का काम करेगा।

मंथन



शिशिर शुक्ला
शिक्षक, स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय, शाहजहांपुर

रोजगार के बदलते मानदंड

रोजगार का परिदृश्य अब केवल तकनीकी उन्नयन ही नहीं, बल्कि मानवीय कौशल, संस्थागत संरचना और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के पुनर्संयोजन पर निर्भर होता जा रहा है

हाल में बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसाफ्ट द्वारा लगभग 60,000 कर्मचारियों को स्वैच्छिक रूप से कंपनी छोड़ने का विकल्प दिए जाने की खबर बदलते रोजगार परिदृश्य की ओर संकेत करती है। यह संख्या उसके कुल कार्यबल का तकरीबन 27 प्रतिशत है। कंपनी के अनुसार, यह पहल बदलती व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यबल को व्यवस्थित करने का एक माध्यम है। इस घटनाक्रम को केवल एक कंपनी के मानव संसाधन संबंधी निर्णय के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसके पीछे एक बड़े तकनीकी बदलाव और भविष्य की कारोबारी प्राथमिकताओं का व्यापक संदर्भ भी विद्यमान है। माइक्रोसाफ्ट की भावी प्राथमिकताओं का एक महत्वपूर्ण संकेत उसका प्रस्तावित पूंजीगत व्यय है। कंपनी ने इस वर्ष के लिए लगभग 175 अरब डालर के पूंजीगत व्यय का अनुमान व्यक्त किया है। यह राशि मुख्यतः कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्लाउड सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डाटा सेंटर, कंप्यूटिंग क्षमता तथा संबंधित अवसंरचना के विस्तार से संबंधित है। किसी संगठन के लिए केवल अधिक कर्मचारियों का होना पर्याप्त नहीं है। संगठन की सफलता हेतु ऐसे मानव संसाधन की आवश्यकता होती है, जो उसके बदलते लक्ष्यों की पूर्ति कर सके। यदि नई तकनीक किसी कार्य को कम समय, कम लागत अथवा अधिक सटीकता से संपन्न करने में सक्षम है, तो कंपनी निःसंदेह अपने कार्य-विभाजन, पदों की आवश्यकता और संसाधनों के आवंटन पर पुनर्विचार करेगी। परिणामस्वरूप कुछ भूमिकाओं की उपयोगिता घट सकती है, कुछ के स्वरूप बदल सकते हैं और कुछ नए कार्यक्षेत्र विकसित हो सकते हैं।

माइक्रोसाफ्ट द्वारा लिया गया निर्णय प्रत्येक कर्मचारी के सामने एक विचारणीय प्रश्न रखता है-क्या हमारी वर्तमान कार्यक्षमता भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप है? यह प्रश्न किसी भय अथवा निराशा को जन्म देने के लिए नहीं, बल्कि समय रहते तैयारी करने के लिए पूछा जाना चाहिए। यदि कोई कर्मचारी लंबे समय तक एक ही पद्धति से काम करता रहे और कार्यक्षेत्र में आए परिवर्तनों को सीखने से बचता रहे, तो उसकी उपयोगिता धीरे-धीरे सीमित हो सकती है। प्रत्येक कर्मचारी को अपने कार्य का व्यवस्थित एवं क्रमबद्ध मूल्यांकन करना चाहिए। उसे देखना चाहिए कि उसके दायित्वों में कौन-से कार्य नियमित और स्वचालित किए जा सकते हैं, किन क्षेत्रों में मानवीय विवेक की अनिवार्यता बनी हुई है तथा कौन-से नए कौशल उसकी उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। इसी के साथ अपने क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों पर नजर रखना और निरंतर सीखने की आदत विकसित करना भी आवश्यक है। कंपनियों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकार को भी प्रशिक्षण, पुनःकौशल विकास तथा रोजगार संक्रमण के लिए प्रभावी अवसर उपलब्ध कराने चाहिए। यदि तकनीकी बदलाव से किसी पद की आवश्यकता कम होती है, तो संभव हो कि संबंधित कर्मचारी को नए कार्य के लिए प्रशिक्षित किया जा सके।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विस्तार को रोकना न तो व्यवहारिक है एवं न ही संभव। साथ ही बदलती दुनिया एवं बदलते परिदृश्य से आंखें मूंद लेना भी बुद्धिमानी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि तकनीकी प्रगति और मानवीय हितों के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। कंपनियां यदि भविष्य की मांगों को ध्यान में रखकर अपने संरचना बदल रही हैं, तो कर्मचारियों को भी अपने ज्ञान, कार्यशैली और कौशलों का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। इसी प्रकार शैक्षणिक संस्थानों को ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित करनी होगी, जो विद्यार्थियों को केवल परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के लिए नहीं, बल्कि बदलते कार्यक्षेत्र में स्वतंत्र चिंतन और प्रभावी योगदान देने के लिए तैयार करे।



माइक्रोसाफ्ट ने हजारों कर्मचारियों को स्वैच्छिक रूप से कंपनी छोड़ने का दिया विकल्प। फाइल

माइक्रोसाफ्ट का निर्णय भविष्य के रोजगार की पूरी तस्वीर नहीं है, पर यह उस दिशा का महत्वपूर्ण संकेत अवश्य है, जिस ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। आज प्रतिस्पर्धा का अर्थ केवल अधिक काम करना नहीं, बल्कि सही कौशल के साथ अधिक उपयोगी काम करना भी है। आने वाले समय में वे संगठन अधिक सक्षम हो सकते हैं, जो तकनीक और मानवीय प्रतिभा के बीच संतुलित संबंध स्थापित करेंगे और वे कर्मचारी अधिक प्रासंगिक बने रहेंगे, जो अपनी उपलब्धियों पर संतुष्ट होकर ठहरने के बजाय सीखने की प्रक्रिया को निरंतर जारी रखेंगे। परिवर्तन के इस दौर में सबसे बड़ा जोखिम तकनीक का अस्तित्व नहीं, बल्कि उसके अनुरूप स्वयं को विकसित करने से इन्कार करना है।

रोजगार की बदलती दुनिया में स्थायित्व अब केवल किसी पद पर बने रहने से नहीं, बल्कि अपनी उपयोगिता को समयानुकूल बनाए रखने से प्राप्त होगा। इसलिए समय की मांग स्पष्ट है-तकनीक को प्रतिद्वंद्वी मानने के बजाय उसे समझा जाए, कौशल को अतिरिक्त योग्यता नहीं, बल्कि निरंतर आवश्यकता मान जाए और आत्ममूल्यांकन को भय का नहीं, बल्कि प्रगति का माध्यम बनाया जाए।

बिजनेस

वजाज फिनसर्व को 5,952 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली : गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फिनसर्व ने मंगलवार को बताया कि जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 5,952 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी ने 4,746 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 43,416 करोड़ रुपये रही है, जो एक साल पहले 37,403 करोड़ रुपये थी। इसी तरह, ब्याज आय बढ़कर 23,824 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वर्ष समान अवधि में 19,599 करोड़ रुपये थी। (पेट्र)

अंतरराष्ट्रीय विस्तार की गति तेज करने का बावजूद कंपनी अपने कम दूरी के मुख्य उड़ान कारोबार को प्राथमिकता देती रहेगी। - **वितोरियो, सीईओ, इंडिगो**



सेंसेक्स	76,917.85 ▲ 1,225.07	निफ्टी	23,810.85 ▲ 370.05	सोना प्रति दस ग्राम	₹ 1,41,800 ▼ ₹ 700	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹ 1,84,000 ▼ ₹ 2,000	डालर	₹ 94.75 ▼ ₹ 0.09	क्रूड प्रति बैरल	$ 105.6

एक नजर में

नौकरियों में कटौती पर विचार कर रही वाल्ट डिज्नी

बेंगलुरु : वैश्विक मनोरंजन कंपनी वाल्ट डिज्नी हजारों नौकरियों की कटौती करने पर विचार कर रही है। कंपनी ने कुछ मैनेजर्स की सालाना खर्च में 20 प्रतिशत की बचत करने का लक्ष्य रखने को कहा है। ब्लूमबर्ग न्यूज ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। यह पुनर्गठन ऐसे समय में हो रहा है जब कंपनी के सीईओ जोश डी अमारो कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इनमें एआइ का बढ़ता इस्तेमाल, वायस आफिस पर कम कमाई, स्ट्रीमिंग कंपनियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा शामिल है। (रायटर)

एनएसई को 2,578 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली : नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) ने मंगलवार को बताया कि जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 2,578 करोड़ रुपये रहा है। एक्सचेंज ने बताया कि इसमें ज्यादा लेनदेन राजस्व और खर्चों में तेजी गिरावट का प्रमुख योगदान रहा है। जुलाई-सितंबर 2025 में एक्सचेंज को 2,098 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। तिमाही के दौरान एक्सचेंज की कुल आय नौ प्रतिशत बढ़कर 4,554 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले वर्ष समान तिमाही के दौरान 4,160 करोड़ रुपये थी। (पेट्र)

2030 तक पांच गुना बढ़ सकती है डाटा सेंटर क्षमता

नई दिल्ली : रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में अनुमान जताया कि मार्च 2030 तक भारत की डाटा सेंटर क्षमता पांच गुना बढ़कर 7.5 गीगावाट तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, अगले चार वित्त वर्षों के दौरान यह क्षेत्र तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश आकर्षित करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि डाटा सेंटर क्षमता में यह उछाल जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआइ) से जुड़ी कंप्यूटिंग की मांग, उद्यमों के डिजिटलीकरण और डाटा की बढ़ती खपत के कारण आ रहा है। (आइएनएस)

दूसरे दिन भी 1,225 अंक उछला सेंसेक्स

76,917 के स्तर पर पहुंचा बीएसई सूचकांक, 270 अंक की बढ़त के साथ 23,810 पर एनएसई निफ्टी

मुंबई, प्रेट्र : कच्चे तेल की कीमतों में हालिया उच्च स्तर से गिरावट और विदेशी निवेशकों की नई खरीदारी के चलते मंगलवार को दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब दो प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स दूसरे दिन भी 1,225.07 अंक या 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ दिन के उच्चतम स्तर 76,917.85 पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 370.05 अंक या 1.58 प्रतिशत चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 23,810.85 पर पहुंचा। इससे पहले सोमवार को भी सेंसेक्स 1,233 अंक बढ़ा था।

सेंसेक्स में हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और आइसीआइसीआइ बैंक बढ़त में रहे। वहीं, पावर ग्रिड, एसबीआइ, एनटीपीसी, टाटा स्टील और ट्रेंट में गिरावट आई। सेंसेक्स में लगातार चार दिन से तेजी बनी हुई है और इस दौरान यह 3,671.82 अंक या पांच प्रतिशत बढ़ चुका है। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी भी चार सत्रों में 1,112 अंक या 4.89 प्रतिशत चढ़ा है। मंगलवार को वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 105.6 डालर प्रति बैरल पर रहा।

एचएसटी वेल्थ के संस्थापक और सीईओ हरिसेलवन राधाकृष्णन ने कहा कि ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 105.50 डालर पर पिछले सप्ताह के उच्च स्तर से काफी नीचे है। कतर की मध्यस्थता से अमेरिका और ईरान के बीच हुई बातचीत से संघर्ष समाप्त होने और होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद बढ़ी है। इससे भारत की निकट अवधि की व्यापक आर्थिक स्थिति सुधरी है।

3,671 अंक बढ़ चुका है बीएसई सेंसेक्स बीते चार सत्रों में

1,112 अंक की तेजी आई इस दौरान एनएसई के निफ्टी में



तेल की कीमतों में तेज गिरावट, अमेरिकी बांड पर यील्ड में कमी और विदेशी निवेशकों की नई दिलचस्पी से व्यापक आर्थिक दबाव घटे हैं। दूसरी तिमाही के मजबूत नतीजों ने घरेलू विकास परिदृश्य का भरोसा बढ़ाया। विदेशी निवेशकों की वापसी से बाजार में नकदी बढ़ी और वित्तीय तथा उपभोग आधारित क्षेत्रों में खरीदारी हुई है। **विनोद नागर,** शोध प्रमुख, निवेशित इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड

बीएसई में सेक्टरवार तेजी (%में)

एफएमसीजी	3.38
रियल्टी	2.33
वित्तीय सेवाएं	1.67
आटो	1.64
उपभोक्ता विवेकाधीन क्षेत्र	1.30

दो हजार रुपये घटा चांदी का मूल्य

वैश्विक विकावाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों सतर्कता बरत रहे हैं, जिससे सराफा में गिरावट जारी है। आल इंडिया सराफा एसोसिएशन के अनुसार, मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोना 700 रुपये की गिरावट के साथ 1,41,800 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। इसी तरह, चांदी का मूल्य दो हजार रुपये घटकर 1.84 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया है। वैश्विक स्तर पर स्पाट गोल्ड में 1.04 प्रतिशत गिरकर 3,905.44 डालर प्रति औंस और चांदी तीन प्रतिशत गिरकर 48.97 डालर प्रति औंस पर आ गई है।



पहली छमाही में आइपीओ से 30 प्रतिशत अधिक राशि जुटाई गई

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2026) के दौरान मेनबोर्ड आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) के जरिये कंपनियों ने 84,400 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसमें पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही के 64,900 करोड़ रुपये की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि रही है। ग्रांट थार्नटन भारत की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पहली छमाही की कुल राशि में से करीब 94 प्रतिशत जुलाई-सितंबर 2026 की अवधि में जुटाई गई है।



84,400 करोड़ रुपये जुटाए गए अप्रैल-जुलाई 2026 में शेयर बेचकर

64,900 करोड़ रुपये जुटाए थे 55 कंपनियों ने अप्रैल-जुलाई 2025 में

71 कंपनियां लाईं अपना निर्गम

रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष अप्रैल से सितंबर के दौरान कुल 71 कंपनियां निर्गम लेकर आई हैं। वर्ष 2025 में 55 कंपनियां आइपीओ लाई थीं। छमाही के दौरान औसत लिस्टिंग-डे लाभ सुधार के साथ 18% पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 10% था। इस दौरान औसत खुदरा सब्सक्रिप्शन (खुदरा निवेशकों के आवेदन) 28 गुना रहा है, जो अप्रैल-सितंबर 2025 में 25 गुना था।

आइपीओ के लिए सितंबर सबसे व्यस्त महीना रहा

छमाही के दौरान सितंबर सबसे व्यस्त महीना रहा है। पूरे महीने में कुल 32 कंपनियां आइपीओ लेकर आई हैं और इन्होंने 40,400 करोड़ रुपये जुटाए हैं। शेष राशि अप्रैल से अगस्त के दौरान जुटाई गई है। पहली छमाही में जुटाई गई कुल राशि में वित्तीय सेवा क्षेत्र की 43 प्रतिशत हिस्सेदारी रही है। कैपिटल गुड्स (पूंजीगत उत्पाद) क्षेत्र के आइपीओ की संख्या 15 रही है।

259 कंपनियों ने जमा किए प्रारंभिक दस्तावेज

आगे भी आइपीओ गतिविधियों में तेजी बने रहने की उम्मीद है। इसका कारण यह है कि पहली छमाही के दौरान कुल 259 कंपनियों ने आइपीओ दस्तावेज जमा किए हैं। इसमें 100 मेनबोर्ड और 159 एसएमई प्लेटफार्म से जुड़े आइपीओ के दस्तावेज हैं। बड़ी पाइपलाइन का मतलब हमेशा पूरी हो चुकी लिस्टिंग नहीं होता। खासकर तब जब नियामक मंजूरी मिलने में देरी हो या बाजार पूरी तरह से तैयार न हो।

'एलटीसीजी टैक्स खत्म करने का होगा सीमित वित्तीय असर'

नई दिल्ली, आइएनएस: एसबीआइ रिसर्च ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि सरकार सभी श्रेणी के निवेशकों के लिए लांग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स खत्म कर सकती है और इसका उस पर सीमित वित्तीय असर होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, एलटीसीजी टैक्स खत्म करने से अगले वित्त वर्ष 2027-28 में राजस्व का नुकसान 40-50 हजार करोड़ रुपये रह सकता है और सरकार की राजकोषीय समेकन की रूपरेखा पर खास असर नहीं पड़ेगा।

रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि एलटीसीजी टैक्स खत्म करने से सरकारी राजस्व में जीडीपी के करीब 0.1-0.2 प्रतिशत की कमी आई। राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को मोटे तौर पर पटरी पर रखते हुए इसकी भरपाई की जा सकती है। रिपोर्ट में खुदरा निवेशकों को राहत देने के लिए सालाना एलटीसीजी छूट सीमा 1.25 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने और इसे महंगाई से जोड़ने का भी सुझाव दिया गया है।

एसबीआइ का शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, प्रेट्र : देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआइ ने मंगलवार को बताया कि जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में उसका समेकित शुद्धलाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 25,361 करोड़ रुपये रहा है। इसमें म्युचुअल फंड सब्सिडियरी और नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) में हिस्सेदारी बिक्री से मिली राशि का मुख्य योगदान रहा है।

तीसरी तिमाही में सोने की मांग 29% घटी

मुंबई, प्रेट्र : कैलेंडर वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के दौरान देश में सोने की मांग वार्षिक आधार पर 29 प्रतिशत घटकर 162.5 टन रही है। वर्ल्ड गोल्ड कांउसिल (डब्ल्यूजीसी) की और से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, इसका मुख्य कारण आयात शुल्क में बढ़ोतरी, कीमतों में तेज उछाल और प्रधानमंत्री की सीमित खरीदारी की अपील करना रहा है। रिपोर्ट में पूरे वर्ष में सोने की मांग 625-675 टन रहने का अनुमान जताया गया है। जुलाई-सितंबर 2025 में सोने की मांग 229.8 टन रही थी।

- 162.5 टन सोने की मांग रही जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान
- 625-657 टन सोने की मांग रहने का अनुमान वर्ष 2026 में



रिपोर्ट के अनुसार, बीती तिमाही में मात्रा के लिहाज से मांग में भले ही कमी आई है लेकिन मूल्य तीन प्रतिशत बढ़कर 2,41,900 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले साल समान अवधि में 2,35,090 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान सोने का औसत भाव 1,48,891 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा जो 2025 में समान अवधि में 1,02,287 रुपये प्रति दस ग्राम था। कीमतों में आयात शुल्क और जीएसटी शामिल नहीं हैं।


आभूषणों की मांग 20 प्रतिशत घटकर 99.9 टन रही, जबकि मूल्य 16 प्रतिशत बढ़कर 1,48,700 करोड़ रुपये रहा। डब्ल्यूजीसी के भारत में सीईओ सचिन जैन ने कहा कि ऊंची कीमतों ने खरीदारी के व्यवहार को प्रभावित किया, लेकिन उपभोक्ता सामर्थ्य और दीर्घकालिक मूल्य के बीच संतुलन रखते हुए सोने को प्राथमिकता दे रहे हैं। तिमाही के अंत में कीमतों में गिरावट, शादी-विवाह और त्योहारों से खरीदारी को सहारा मिला। उपभोक्ता हल्के आभूषणों और पुराने सोने के बदले नए गहने लेने के विकल्प अपना रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर एक प्रतिशत की गिरावट: डब्ल्यूजीसी के अनुसार, जुलाई-सितंबर 2026 के दौरान वैश्विक स्तर पर सोने की मांग में एक प्रतिशत की गिरावट आई है और इस दौरान कुल खपत 1,368 टन रही है। उच्च मूल्य के चलते वैश्विक स्तर पर आभूषणों की मांग 17 प्रतिशत घटकर 313 टन रही है। तिमाही के दौरान दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने 321 टन सोने की खरीदारी की है। हालांकि, इस दौरान आरबीआइ ने सोना नहीं खरीदा।

घरेलू निवेशक बने मजबूत आधार

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2026) में शेयर बाजारों के लिए घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआइआइ) एक मजबूत आधार बनकर उभरे हैं। तिमाही के दौरान डीआइआइ ने 1.69 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया, जबकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) का शुद्ध निवेश सिर्फ 13,900 करोड़ रुपये रहा। सितंबर में एनएसई निफ्टी में 5.7 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद घरेलू निवेशकों के इस समर्थन की बदौलत बाजार आइपीओ की भारी संख्या को आसानी से पचा सका है।





राष्ट्रीय फलक

बिहार की नदियों में जमे गाद से राष्ट्रीय राजमार्ग बनाएगा एनएचएआइ

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और बिहार सरकार के बीच हुआ एमओयू
- वर्तमान में चल रहीं 16 परियोजनाओं में 243 लाख क्यूबिक मीटर और भविष्य की 27 परियोजनाओं में 835 लाख क्यूबिक मीटर गाद के उपयोग का प्रस्ताव



नई दिल्ली में मंगलवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मौजूदगी में बिहार सरकार और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आइएनएस

लगभग प्रत्येक वर्ष बाढ़ का प्रकोप झेलने वाले बिहार के लिए नदियों में जमा जो सिल्ट अब तक समस्या बना हुआ था, अब उसे तेज विकास के समाधान के रूप में उपयोग करने की तैयारी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और बिहार सरकार के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और राज्य के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति थे।

इसके तहत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) नदियों व अन्य जल निकायों की डीसिल्टिंग कराएगा और उनमें से निकलने वाली गाद का उपयोग एनएचएआइ की परियोजनाओं के निर्माण में किया जाएगा। वर्तमान में चल रहीं 16 परियोजनाओं में 243 लाख क्यूबिक मीटर और भविष्य की 27 परियोजनाओं में 835 लाख क्यूबिक मीटर गाद के उपयोग का प्रस्ताव है।

नितिन गडकरी ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि बिहार में नदियों में जमी गाद की समस्या को लेकर उनकी बातचीत एमएसएमई मंत्री जीतनराम मांझी से प्रारंभ में हुई थी। फिर इस दिशा में गंभीरता से विचार कर बिहार के मुख्यमंत्री से बात की गई तो वह सहमत हो गए। 'नदी संजीवनी' के नाम से शुरू किए गए इस साझा प्रोजेक्ट को लेकर गडकरी ने कहा कि बिहार में बाढ़ से हर वर्ष दस हजार करोड़ रुपये के नुकसान का आकलन है और दूसरी तरफ हाईवे निर्माण के लिए बहुत मिट्टी की जरूरत पड़ती है। इसे देखते हुए ही बेस्ट टु बेल्थ के मंत्र पर चलते हुए तय किया गया है कि परिवहन मंत्रालय बिहार की नदियों व अन्य जल निकायों से गाद निकलवाएगा। डीसिल्टिंग हाईवे बनाने वाले ठेकेदार अपने पैसे से करेंगे। बिहार सरकार का एक रुपया भी खर्च नहीं होगा। उसी सिल्ट से हाईवे बनेंगे, नदियों की जल धारण क्षमता बढ़ेगी और राज्य की सिंचाई क्षमता भी दोगुनी होगी।

वहीं, सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की दो कमजोरियां हैं, आबादी और दूसरों के पानी से तबाही। नेपाल से सत बड़ी नदियां बिहार आती हैं। वहां बारिश होती है तो यहां बाढ़ आती है। उन्होंने कहा कि राज्य में 32 प्रतिशत कम बारिश होने के बावजूद कई नदियों का हाई फ्लड लेवल बदल गया।

बिहार में एक लाख की आबादी वाले क्षेत्रों को देंगे रिंग रोड या बाईपास : संतोष यादव

एनएचएआइ चेयरमैन ने कार्यक्रम में कहा कि अभी बिहार में 1700 किलोमीटर की एनएच परियोजनाएं चल रही हैं। विजन 2047 के तहत 1800 किलोमीटर एक्सप्रेसवे प्रस्तावित है। इसके बनने पर राज्य में पचास किलोमीटर के दायरे में एक एक्सप्रेसवे होगा। इसके अलावा अभी पांच लाख की आबादी वाले क्षेत्रों को रिंग रोड या बाईपास दिए जा रहे हैं। बिहार के लिए भविष्य की योजना है कि एक लाख की आबादी वाले क्षेत्रों में भी रिंग रोड या बाईपास बनाया जाए।

चीन के सामने टीबीएम के लिए नहीं झुकेगा भारत

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

- डीयू के किरोड़ीमल कालेज में आयोजित यंग लीडर्स डिस्कोर्स फोरम में बोले केंद्रीय मंत्री गोयल
- कहा- चीन से अच्छे संबंध, पर महत्वपूर्ण तकनीक के मामले में आत्मनिर्भर होना प्राथमिकता



फोरम में बोलते पीयूष गोयल। एएनआइ

भारत की आत्मनिर्भरता को रेखांकित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने चीन को संदेश दिया है कि टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के लिए भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा। मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के किरोड़ीमल कालेज में आयोजित यंग लीडर्स डिस्कोर्स फोरम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने साफ किया कि यदि चीन इन मशीनों के निर्यात पर नियंत्रण लगाकर आपूर्ति रोकता है तो भारत खुद इनका निर्माण करने में सक्षम है।

उन्होंने चीन से अच्छे संबंधों की वकालत करने के साथ ही स्पष्ट किया कि देश की महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर होना भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

उल्लेखनीय है कि चीन ने 19 अक्टूबर को टनल बोरिंग मशीन और उनसे जुड़े उपकरणों के निर्यात पर नए नियंत्रण लागू करने की घोषणा की थी। ये नियम 18 नवंबर, 2026 से प्रभावी होंगे। इनके तहत निर्धारित श्रेणी के उपकरणों के निर्यात के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। इन मशीनों का इस्तेमाल मेट्रो, रेलवे सुरंगों और राजमार्गों के निर्माण में किया जाता है।

रेयर अर्थ के विकल्प भी तैयार कर रहे स्टार्टअप: गोयल ने दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ) की आपूर्ति पर चीन के प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने आयात के लिए निर्भर रहने के बजाय स्वदेशी विकल्प विकसित करने पर जोर दिया। इसके लिए भारतीय स्टार्टअप को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बताया कि कुछ स्टार्टअप रेयर अर्थ के बिना भी समान गुणवत्ता और दक्षता वाली मोटर विकसित करने में सफल हुए हैं।

भारत में बनने लगीं हैं आठ और 15 मीटर की मशीन

इससे पूर्व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी भारत में टीबीएम निर्माण की प्रगति की जानकारी दे चुके हैं। उन्होंने कहा था कि पहले इन मशीनों के लिए पूरी तरह आयात पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब देश में आठ मीटर व्यास वाली मशीनों का निर्माण हो रहा है। 15 मीटर व्यास वाली मशीनों का उत्पादन भी शुरू हो गया है। तमिलनाडु में टीबीएम निर्माण संयंत्र स्थापित है। जल्द ही 16 मीटर से अधिक व्यास वाली मशीनों का भी देश में निर्माण करने की योजना है। इससे मशीनों के डिजाइन, निर्माण और रखरखाव के क्षेत्र में भारत की घरेलू क्षमता बढ़ेगी।

ईडी ने अनिल अंबानी के दो विमानों सहित जब्त की 510 करोड़ की संपत्ति

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- अब तक ग्रुप की 23,100 करोड़ रुपये की संपत्ति हो चुकी है जब्त
- जब्त संपत्तियों में छह जमीन, एक आफिस, बैंक खाते में जमा राशि, फिक्स्ड डिपाजिट आदि भी शामिल

ईडी ने रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप के दो हवाई जहाजों को जब्त कर लिया है। ईडी ने ताजा मामले में दो हवाई जहाजों को मिलाकर 510 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। मनी लांड्रिंग रोकथाम कानून के तहत ईडी ने अभी तक ग्रुप की 23,100 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। अनिल अंबानी के ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ दिल्ली सीबीआइ, दिल्ली और मुंबई की आर्थिक अपराध शाखा में कई मामले दर्ज हैं, जिनके आधार पर ईडी मनी लांड्रिंग की जांच कर रही है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ताजा जब्ती रिलायंस होम फाइनांस लिमिटेड और रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के बैंक फ्राड से जुड़े मामले में की गई है। इसके तहत रिलायंस होम फाइनेंस के 263 करोड़ और रिलायंस कम्युनिकेशन की 247 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसके अलावा रिलायंस होम फाइनेंस के 263 करोड़ और रिलायंस कम्युनिकेशन की 247 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त किया गया है।

प्रेट्र के अनुसार, एजेंसी का दावा है कि यह ग्रुप बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जनता के पैसे को गलत तरीके से निकालने, इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड का दुरुपयोग कर कार्पोरेट संपत्तियों को निजी इस्तेमाल के लिए सुरक्षित करने व जनता के पैसे कम टैक्स वाले देशों में भेजने में शामिल था।

सरकारी उपक्रमों की बेकार जमीनों का मौद्रीकरण शुरू, इस साल मिल सकते हैं 15,000 करोड़ रुपये

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- एनएलएमसी ने चालू वित्त वर्ष में जमीन बेच 9000 करोड़ रुपये जुटाए
- एएआइएल की पांच एकड़ जमीन 829 करोड़ में बिक्री के लिए तैयार

सरकारी उपक्रमों के विनिवेश के साथ इनकी जमीन की बिक्री को लेकर भी सरकार काफी सक्रिय दिख रही है। वित्त मंत्रालय के अधीन काम करने वाली एजेंसी राष्ट्रीय भूमि मौद्रीकरण निगम (एनएलएमसी) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 में विभिन्न सरकारी उपक्रमों की जमीन को बेचकर अब तक 9000 करोड़ रुपये जुटा चुका है। उम्मीद की जा रही है कि अगले तीन-चार महीनों में और पांच-छह हजार करोड़ रुपये की जमीन की बिक्री हो जाएगी। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई व प्रयागराज जैसी जगहों पर सरकारी उपक्रमों के प्लाटों का भी मुद्रीकरण किया जाएगा। छह माह पहले तक सरकारी जमीन के मौद्रीकरण को लेकर कोई नीलामी नहीं हो रही थी।

एनएलएमसी के सीईओ रोहन चंद ठाकुर ने बताया कि सरकारी उपक्रमों की बेकार पड़ी या अतिरिक्त जमीन का मौद्रीकरण किया जा रहा है। इनकी बिक्री की प्रक्रिया पूरी करने व संबंधित काम को एनएलएमसी पूरा करता है। बदले में निगम शुल्क लेता है। पिछले छह महीनों में मुख्य रूप से एमटीएनएल और बीएसएनएल की जमीन का मौद्रीकरण किया गया है और इससे 9000 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने बताया कि जमीन मौद्रीकरण के तहत दिल्ली के नजफगढ़ स्थित एचआइइएल (इंडिया) लिमिटेड की 5.11 एकड़ जमीन की नीलामी होने जा रही है। इस नीलामी के लिए 829.69 करोड़ रुपये का रिजर्व प्राइस रखा गया है और उम्मीद है कि नीलामी में रिजर्व प्राइस से अधिक राजस्व मिलेगा। इसे लेकर तीन नवंबर को निवेशकों के साथ बैठक की गई और 19 नवंबर तक वे इस बोली में हिस्सा लेने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

ठाकुर ने बताया कि गत 12 अक्टूबर को विशाखापत्तनम में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड की जमीन का 366 करोड़ में मौद्रीकरण किया गया। इसके लिए रिजर्व प्राइस 312 करोड़ रुपए रखा गया था। इसके अलावा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के 100 प्लाट के मौद्रीकरण की प्रक्रिया तीन नवंबर को पूरी हो रही है। वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार ने 80,000 करोड़ रुपये के विनिवेश का लक्ष्य रखा था जो पहले ही पूरा हो चुका है। जमीन के मौद्रीकरण से सरकार को राजस्व और निजी सेक्टर को जमीन भी आसानी से मिल पाएगी।

केंद्र वरिष्ठ नागरिकों को युवा पीढ़ी से जोड़ने के लिए शुरू करेगा अभियान

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्र सरकार बुधवार को एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेगी, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों और युवा पीढ़ी के बीच निरंतर जुड़ाव को बढ़ावा देना है। अभियान में आपसी सम्मान, सामाजिक समावेश और बुजुर्गों के कल्याण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया जाएगा।

मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार राष्ट्रीय राजधानी में अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत वयो सम्मान राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत करेंगे। अभियान का मकसद पीढ़ियों के बीच सार्थक और निरंतर जुड़ाव को संस्थागत रूप देना है। इसका उद्देश्य समाज में वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को मान्यता देना और बुजुर्गों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

- अभियान का मकसद पीढ़ियों के बीच निरंतर जुड़ाव को संस्थागत रूप देना

यह पहल कनेक्ट, कन्वर्स, कोन्क्विट, कान्ट्रिब्यूट और कंटिन्यू (जुड़ना, बातचीत करना, मिलकर रचना करना, योगदान देना और इसे जारी रखना) के पांच-सूत्री माडल पर आधारित है। यह माडल पीढ़ियों के बीच सार्थक रिश्ते बनाने और सामुदायिक भागीदारी के जरिए उन्हें बनाए रखने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है।

यह अभियान 12 विषयगत क्षेत्रों में लागू किया जाएगा, जिनमें 30 मिनट्स दुगैदर, टीच मी-आइ बिल टीच यू, माई स्टोरी, माई इंडिया, डिजिटल दादा-दादी/डिजिटल साथी, जनरेशन हेल्थ एंड वेलनेस और सिल्वर सिकल्स-सीनियर्स एज मेंटर्स शामिल हैं। यह अभियान भारत की बदलती जनसांख्यिकीय स्थिति को देखते हुए शुरू किया गया है।

अगर आप तैरना सीखना चाहते हैं, तो पानी में कूदें। सूखी जमीन में कोई भी कभी भी तैरना सीखने में आपकी मदद नहीं कर सकता।

- ब्रूस ली

सूची से बाहर

निर्वाचन आयोग की ओर से देश के अलग-अलग राज्यों में शुरू की गई मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, यानी एसआइआर का घोषित मकसद यही है कि वैसे सभी लोगों को सूची से हटाया जाए, जो निर्धारित कसौटियों को पूरा नहीं करते हैं। जाहिर है, आयोग की इस सदिच्छा से किसी को भी असहमति नहीं होगी। मगर इस क्रम में लगभग सभी राज्यों से जिस तरह विसंगतियां सामने आई हैं, उसके मद्देनजर कई मायने में समूची एसआइआर की कवायद ही सवालों के घेरे में दिखती है। लाखों वैसे लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए, जो एसआइआर की प्रक्रिया के दौरान किसी वजह से आयोग की ओर से निर्धारित कसौटियों को पूरा नहीं कर सके या फिर उनके दस्तावेजों में कोई त्रुटि थी। स्वाभाविक ही बड़ी संख्या में मतदाताओं के बाहर होने के संदर्भ में विपक्षी दलों ने एसआइआर अभियान से विपरीत नतीजे सामने आने का आरोप लगाया है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांचों राज्यों में एसआइआर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाताओं की संख्या में 13.24 फीसद तक की कमी आई है। पुनरीक्षण से पहले इन पांचों राज्यों में मतदाताओं की संख्या लगभग 18.71 करोड़ थी, जो अब घट कर 16.43 करोड़ रह गई है। इस तरह करीब 2.29 करोड़ लोगों को मतदाता सूची में शामिल होने के अपात्र घोषित किया गया। इनमें लगभग नब्बे फीसद मतदाता अकेले उत्तर प्रदेश के थे। सवाल है कि इतनी बड़ी संख्या में वैसे लोग सूची में कैसे मौजूद थे, जिन्हें अपात्र घोषित किया गया। संभव है कि निर्धारित कसौटियों को पूरा न कर पाने की वजह से ऐसा हुआ हो। यह भी तथ्य है कि दूसरे कई राज्यों में भी इसी तरह लाखों लोग मतदाता सूची से बाहर हुए और इस मसले पर अब भी विवाद जारी है। मगर पश्चिम बंगाल में एसआइआर में जितने लोगों को सूची से बाहर किया गया, उस पर राजनीतिक दलों की ओर से सवाल उठाए जाने पर जब अपीलीय न्यायाधिकरण गठित करके दावों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू हुई, तो जमा किए गए आवेदनों में नब्बे फीसद से ज्यादा लोगों को वैध मतदाता पाया गया और उनका नाम फिर से सूची में बहाल कर दिया गया।

ऐसे में यह उम्मीद स्वाभाविक है कि अगर दूसरे राज्यों में भी अपीलीय न्यायाधिकरण के जरिए दावों के निपटारे की व्यवस्था की जाती, तो शायद बहुत सारे वैसे लोगों को मतदाता सूची में फिर से जगह मिलती, जिन्हें एसआइआर में बाहर कर दिया गया। इसके अलावा, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने फार्म 6 के जरिए नया आवेदन देकर मतदाता सूची में दोबारा शामिल किए जाने के प्रयासों पर भी नाराजगी जताई थी। शीर्ष अदालत ने यह पूछा था कि अगर कोई पहले से ही मतदाता रहा है, तो फार्म 6 भरवा कर उसे नए वोटर के रूप में क्यों जोड़ा जा रहा है। ऐसा लगता है कि सूची में केवल पात्र मतदाताओं को ही जगह देने के इस अभियान में वैसे लोगों को भी मतदाता सूची से बाहर कर दिया गया, जो वास्तव में वैध वोटर थे। सवाल है कि अगर आयोग की प्रक्रियागत खामियों की वजह से बड़ी संख्या में लोग अपना वोट देने के हक से वंचित रह गए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है। यह स्थिति तब है, जब सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा था कि वोट देना बेहद महत्त्वपूर्ण अधिकार है और इसे इतनी आसानी से नहीं छीना जा सकता।

सुविधा की सियासत

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे जनता के विश्वास, अपनी विचारधारा और अपने राजनीतिक दल के सिद्धांतों के प्रति ईमानदार रहेंगे। चुनाव के दौरान मतदाता किसी उम्मीदवार को उसकी व्यक्तिगत छवि, विचार, व्यवहार और पार्टी की नीतियों को ध्यान में रखकर उसे अपना प्रतिनिधि चुनते हैं। ऐसे में चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधि का अपना राजनीतिक दल छोड़कर दूसरे दल में शामिल हो जाना न केवल मतदाताओं के विश्वास के साथ धोखा है, बल्कि इससे सियासत में नैतिकता का संकट भी पैदा हो रहा है। पिछले कुछ समय से देश की राजनीति में दल-बदल की प्रवृत्ति में तेजी देखने को मिल रही है। ताजा घटनाक्रम पंजाब का है, जहां आम आदमी पार्टी के तीन विधायक सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। राज्य में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और ऐसे समय में इन नेताओं के पाला बदलने को सुविधा की सियासत नहीं, तो और क्या कहा जाएगा।

जनतंत्र में विचारों की स्वतंत्रता और राजनीतिक विकल्प बदलने की आजादी है, लेकिन जनप्रतिनिधियों के मामले में इसकी कुछ नैतिक सीमाएं भी होनी चाहिए। यदि किसी जनप्रतिनिधि को अपने दल की नीतियों या नेतृत्व से असहमति हो, तो उसे सार्वजनिक रूप से अपनी बात रखनी चाहिए और इस्तीफा देकर दोबारा जनता के बीच जाना चाहिए। पंजाब में इससे पहले बीते अप्रैल में आम आदमी पार्टी के सात सांसदों ने भाजपा का दामन थाम लिया था। हालांकि, इस तरह की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए दल-बदल विरोधी कानून बनाया गया है, मगर जनप्रतिनिधियों के पाला बदलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। कानून की प्रक्रियागत खामियों का फायदा उठाकर राजनीतिक दल अपने हित साधने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। जाहिर है, इस कानून को अधिक प्रभावी बनाने और कार्रवाई में निष्पक्षता सुनिश्चित करने की जरूरत है। सुविधा और सत्ता के लिए बार-बार पाला बदलना राजनीतिक शुचिता की गरिमा को भंग करने जैसा है। राजनीतिक का मकसद सिर्फ सत्ता हासिल करना ही नहीं होना चाहिए, विचारधारा, सिद्धांत और जनता के प्रति जवाबदेही भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है।

डिजिटल अर्थव्यवस्था में नकद के मायने



किसी भी अर्थव्यवस्था में अगर कोई मुख्य प्रणाली काम करना बंद कर दे, तो वैकल्पिक व्यवस्था जरूरी है। ऐसे में बढ़ते डिजिटल भुगतान से नकद ढांचे का पूरी तरह खत्म होना संभव नहीं है।

मनीष कुमार चौधरी

देश में डिजिटल भुगतान प्रणाली बड़ा बदलाव लेकर आई है। इससे नकद लेन-देन भले ही कम हुआ है, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था का पूरी तरह नकद रहित होना शायद अभी संभव नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि नकद पैसे का मकसद भी अब बदल रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश में यूपीआइ के जरिए प्रतिदिन औसतन 66 करोड़ रुपए का लेन-देन होता है। इस वर्ष मार्च में 2,264 करोड़ रुपए के लेन-देन का उच्चतम स्तर दर्ज किया गया। वित्त वर्ष 2025-26 में डिजिटल माध्यम से 24,161.7 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान हुआ। देश के कुल 'डिजिटल रिटेल पेमेंट वाल्यूम' में यूपीआइ की हिस्सेदारी लगभग 85 फीसद है। इसके बावजूद नकद लेन-देन अर्थव्यवस्था में अपनी पैठ बनाए हुए है। आखिर क्या वजह है कि आनलाइन भुगतान के प्रति रुझान बढ़ने के साथ-साथ नकदी का महत्त्व बना हुआ है?

भले ही डिजिटल माध्यम से भुगतान मुख्य रूप से रोजमर्रा के लेन-देन के लिए नकद पैसे की जगह ले रहा है, लेकिन यह उन सभी वजहों को खत्म नहीं करता, जिनके कारण लोग भौतिक रूप में पैसा रखना चाहते हैं। ज्यादातर लोगों के लिए आज भी नकद पैसा अनिश्चितता के समय के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह है। बिजली जाने, नेटवर्क ध्वस्त होने, साइबर ठगी या डिजिटल भुगतान प्रणाली में खराबी आने पर पैसों का लेन-देन भी रुक जाता है। जबकि नकद पैसे के लिए किसी स्मार्टफोन, पासवर्ड, बैटरी या इंटरनेट की जरूरत नहीं होती। इसका एक व्यापक सामाजिक पहलू भी है। बुजुर्गों, गरीब परिवारों, छोटे व्यापारियों और इंटरनेट की कम पहुंच वाले इलाकों में रहने वाले लोगों से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे पूरी तरह से स्मार्टफोन और बैंक खाते पर आधारित अर्थव्यवस्था में शामिल हो पाएंगे। नकद पैसा कुछ हद तक सुरक्षित और निजता के पहलू से भी जुड़ा है। लोग इस बात को भी समझने लगे हैं कि हर भुगतान डिजिटल तरीके से करने पर सुविधा और निगरानी साथ-साथ चल सकते हैं।

दुनिया भर में नकद भुगतान की हिस्सेदारी अलग-अलग है। अधिकांश विकासशील देशों में लोग लगभग पूरी तरह से नकद मुद्रा पर निर्भर हैं, जबकि नार्डिक और डिजिटल-फर्स्ट अर्थव्यवस्थाओं में यह फीसद ज्यादातर एक अंक में है। स्वीडन और नार्वे में नकदी का इस्तेमाल दुनिया में सबसे कम है। थाईलैंड, ग्रीस, मैक्सिको, इटली और वियतनाम जैसे देशों में पर्यटन एवं सेवा क्षेत्र में नकदी का इस्तेमाल अभी भी आम है। यह खासतौर पर यात्रा के दौरान छोटे-मोटे खर्चों के मामले में देखा सकता है। जैसे टैक्सी का किराया, पर्यटन शुल्क, बीच पर खरीदारी, किराने की दुकान और रेस्तरां में भुगतान इत्यादि। जहां अक्सर नकदी ही सबसे सुविधाजनक या एकमात्र भुगतान का तरीका होता है।

विश्व के कुछ अन्य विकसित देशों की बात करें, तो जापान में नकद लेन-देन 42 फीसद, जबकि जर्मनी जैसे देश में 45 फीसद तक होता है। अमेरिका में यह लगभग 14 फीसद , तो ब्रिटेन में 8-9 फीसद तक होता है। वहीं, चीन में मात्र 5 से 9 फीसद लोग ही नकद लेन-देन करते हैं। विकासशील और छोटे देशों की बात की जाए, तो इनमें से कुछ में नकद लेनदेन 90-95 फीसद तक होता है। इनमें नेपाल, पाकिस्तान, लेबनान, म्यांमा, जाम्बिया, इथियोपिया, लाओस जैसे देश शामिल हैं। आस्ट्रिया, फिनलैंड, स्वीडन और नीदरलैंड की सरकारों ने तो अपने नागरिकों को सलाह दी है कि वे घर पर कुछ नकदी अवश्य रखें, ताकि बिजली आपूर्ति ठप होने, साइबर हमले या युद्ध जैसी स्थितियों में उन्हें किसी तरह की परेशानी से न जूझना पड़े।



> भारत समेत कई देशों में नकद राशि को अब अच्छे दिनों के बजाय बुरे दिनों के लिए एक जरूरी सुविधा के तौर पर देखा जा रहा है। नीति निर्माताओं के लिए सबक स्पष्ट है कि डिजिटल भुगतान ने नकद व्यवस्था के महत्त्व को खत्म नहीं किया है। पहली नजर में ऐसा लग सकता है कि भारत तेजी से नकद पैसों का इस्तेमाल खत्म कर रहा है, हालांकि हकीकत थोड़ी जटिल और अलग है। डिजिटल माध्यमों से भुगतान के बढ़ते इस्तेमाल के देश के नकद ढांचे को खत्म करने की वजह मानना सही नहीं होगा। भारतीय रिजर्व बैंक को अभी भी नोट छापने वाली मशीनों, मुद्रा बांटने वाले तंत्र, एटीएम और नोटों के पर्याप्त भंडार की जरूरत है। आज भी नकद राशि को अनिश्चित स्थितियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह देखा जाता है।

भारत का नकद पैसे पर निर्भरता का एक नकारात्मक पहलू भी है। इससे एक बड़ी अनौपचारिक अर्थव्यवस्था पूरी तरह से वित्तीय पारदर्शिता के दायरे से बाहर काम करती है। संपत्ति की खरीद-फरोख्त इसका एक प्रमुख उदाहरण है, जहां सरकारी मूल्यांकन यानी सर्कल रेट और असल बाजार कीमत के बीच का अंतर नकद भुगतान को बढ़ावा देता है। इससे जाहिर होता है कि नोटबंदी जैसे बड़े कदम के बीच भी मौजूदा मुद्रा के भंडार को खत्म करने से ही वे आर्थिक कारण खत्म नहीं हो सकते, जो बिना रिकार्ड वाले भुगतान को जन्म देते हैं। इसलिए डिजिटल माध्यमों से भुगतान के बढ़ते इस्तेमाल को देश के नकद ढांचे को खत्म करने की वजह मानना सही नहीं होगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) को अभी भी नोट छापने वाली मशीनों, मुद्रा बांटने वाले तंत्र, एटीएम और नोटों के पर्याप्त रिजर्व की जरूरत है।

किसी भी अर्थव्यवस्था की मजबूती कुछ हद तक इस बात पर निर्भर करती है कि जब उसकी मुख्य प्रणाली काम करना बंद कर दे, तो उसके पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था मौजूद हो। यूपीआइ ने भारत में लोगों के भुगतान करने के तरीके को जरूर बदला है, लेकिन अनिश्चित स्थिति के लिए नकद बचाकर रखने की मानवीय प्रवृत्ति को नहीं बदला है। इसलिए देश के डिजिटल बदलाव की असली परीक्षा यह नहीं है कि नकद लेन-देन खत्म हो जाए, बल्कि यह है कि क्या नागरिक बिना किसी प्रणाली के कमजोर पड़े डिजिटल और नकद पैसे के बीच चुनाव कर सकते हैं। वर्ष 2016 की नोटबंदी ने देश की कुल नकद मुद्रा का 86 फीसद हिस्सा बेकार कर दिया था। कहा जा रहा था कि नोटबंदी से कालाधन बाहर आएगा, लेकिन औपचारिक तौर पर ऐसा कुछ होता हुआ नहीं दिखा। कुछ ही समय में यह सारा पैसा वापस वित्त व्यवस्था में लौट आया था। ऐसे में नोटबंदी के उद्देश्य को समझ पाना आम आदमी के लिए मुश्किल है।

साफ है कि भारत समेत कई देशों में नकद राशि को अब अच्छे दिनों के बजाय बुरे दिनों के लिए एक जरूरी सुविधा के तौर पर देखा जा रहा है। नीति निर्माताओं के लिए सबक स्पष्ट है कि डिजिटल भुगतान ने नकद व्यवस्था के महत्त्व को खत्म नहीं किया है। पहली नजर में ऐसा लग सकता है कि भारत तेजी से नकद पैसों का इस्तेमाल खत्म कर रहा है, हालांकि हकीकत थोड़ी जटिल और अलग है। आरबीआइ की वित्तीय वर्ष 2024-25 की सालाना रिपोर्ट के अनुसार, भारत का 'करेंसी-टू-जीडीपी' अनुपात अभी लगभग 11.1 फीसद है। इसका मतलब है कि अर्थव्यवस्था में नकद मुद्रा की कुल कीमत अभी भी देश की जीडीपी का लगभग 11.1 फीसद है। भले ही यह वर्ष 2021 में लगभग 14.4 फीसद और वर्ष 2023 में 12.5 फीसद रही हो। कोरोना महामारी के समय भी यह अनुपात लगभग 14.4 फीसद था और तब से इसमें कमी आई है। यानी भारत पहले से कहीं ज्यादा डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन साथ ही नकद पर भी लोगों का भरोसा अभी कायम है। यही वजह है कि देश शायद निकट भविष्य में पूरी तरह से 'नकद रहित' न बन पाए, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि भुगतान के लिए डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल फिलहाल बढ़ता रहेगा।

विनम्रता की मिट्टी

मुकेश पोपली

हमारे समाज में ऐसे बहुत से लोग मिल जाएंगे, जिन्होंने न केवल घमंड का आवरण ओढ़ रखा है, बल्कि उनके आचार-व्यवहार में वह आमतौर पर दिखाई भी पड़ता है। हम अगर अपने आसपास झांक कर देखेंगे, तो ऐसा कोई एक व्यक्ति नहीं मिलेगा, बल्कि ढेरों मिलेंगे। चूंकि ऐसे लोग बहुतायत में हैं, इसलिए इनका डर भी फैला रहता है। सरकारी विभागों में ऊंचे ओहदे पर काम करने वाले हों या निजी कंपनियों को चलाने वाले। चिकित्सालयों, विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के प्रबंधन में शामिल हों या राजनीतिक दल में, इस तरह के लोग हर कहीं अपने हाथ में एक चाबुक लेकर बैठे हुए नजर आते हैं। इन लोगों को किसी व्यक्ति की तो दूर, समाज और देश की प्रगति में भी कोई रुचि नहीं होती। उन्हें केवल अपना ही हित पूरा करना होता है और वे महज अपने दायरे में कैद होकर सिर्फ खुद के बारे में सोचते हैं। ऐसे लोग आडंबर रचते हैं और फिर उस आडंबर को हटाने के लिए आगे बढ़ रहे और हिम्मत दिखा रहे लोगों को, उनके परिवार को अपना शिकार बनाते हैं या उन्हें अलग-अलग तरह से परेशान करते हैं।

अगर हम कुछ दशक पहले के यथार्थ उदाहरणों से आगे प्राचीनकाल के इतिहास या लोककथाओं की बात करें, तब भी इस प्रकार के कुटिल लोगों की कमी नहीं थी। इसके लिए हम चाहे भारतीय महाकाव्य पढ़ें या रूसी साहित्य, शेक्सपियर के नाटक पढ़ें या रवींद्रनाथ ठाकुर की रचनाएं, प्रेमचंद की कहानियां पढ़ें या गालिब, मीर, फैज की शायरी, ऐसे पात्र हर जगह हैं और इसीलिए इन पुस्तकों में वे शामिल हैं। यही वजह है कि मनुष्य ने अपना विकास कर लिया है, लेकिन मानवता का विकास नगण्य ही रहा।

वर्तमान में किसी भी परिवार की स्थिति पर गौर किया जाए, उनके मुखिया और अन्य सदस्य खुद को संस्कारवान कहने में नहीं हिचकते। कायदे से देखें, तो इसे अलग से कहना ही उनके असंस्कारी होने का प्रतीक है। स्वयं की प्रशंसा या केवल खूबियों का प्रचार-प्रसार करना, अपने आप को धोखा देने के साथ ही एक सामाजिक अपराध भी है। किसी भी शैक्षणिक योग्यता में उपाधि होती है और हमारे भावी जीवन की वह मुख्य आवश्यकता भी है। शिक्षा से हम अपना अर्थतंत्र विकसित कर सकते हैं। इसके विपरीत संस्कार किसी उपाधि का नाम नहीं है। समाज और परिवार की देखरेख में यह संस्कार फलते-फूलते हैं। संस्कार के लिए गुरु औपचारिक शिक्षा नहीं देते, वे हमारे अध्ययन की दिशा बदल देते हैं। इस प्रकार के अनुभव हम अपने परिवार के बुजुर्गों से भी प्राप्त कर सकते हैं। बचपन की अवस्था में ही इसके लिए बीज बोया जा सकता है। अभी तो नादान उम्र है, समय आने पर स्वयं ही समझदार हो जाएगा, यह सोच अधूरी है। समय की गति को कोई बांध नहीं सकता। जिस तरह कुछ नया सीखने की कोई उम्र नहीं होती, ठीक उसी तरह संस्कारवान होने का उम्र से कोई संबंध नहीं होता। यह एक सतत प्रक्रिया है और जिस दिन हम बोलना सीखते हैं, उसी दिन से यह प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। अब अगर कोई यह सोच ले, कि उसने सब सीख लिया है, तो यह उसकी नादानी ही है। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती रहती है।

सीखने के लिए पहली शर्त है विनम्रता। केवल बाहरी पहनावे, शरीर के रंग या बनावट, शक्ति और धनाढ्य स्थिति किसी भी व्यक्ति के पूर्ण परिचय को इंगित नहीं करते। इसलिए इन सबसे यह पता नहीं चलता कि वह कितना विनम्र है। विनम्रता के लिए हमारा व्यवहार, आहार, हमारी वाचालता, हमारा धैर्य, अनुभव, हमारी तर्क क्षमता, हमारा अर्थमोह आदि का स्तर देखा, जांचा और परखा जा सकता है। इन सबसे हमारा व्यक्तित्व सामने आ सकता है और यह व्यक्तित्व ही हमारी विनम्रता का परिचय दे देता है। अगर इस संबंध में हम सैद्धांतिक रूप की बात करें, तो आडंबर से मुक्त होकर सादगी से जीवन बिताना ही विनम्रता है। धार्मिक और आध्यात्मिक ग्रंथों में बताया गया है कि विनम्र होने की पहली शर्त मानवता की सेवा करना और घमंड से दूर रहना है। अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगना और बहुत बार अपनी कमियों को जान लेने के बाद दूसरों से सलाह लेना भी विनम्रता का प्रतीक ही है। इस प्रकार जो व्यक्ति शालीन हो, कोमल स्वभाव वाला हो, नम्र भाव रखता हो, गुस्से पर काबू करना जानता हो और शिष्टाचारी हो, विनम्र कहलाता है। इसके लिए एक जो सबसे अनिवार्य तत्त्व है, वह है वैसे व्यक्ति की कद्र करना, जो हमारी कद्र करता हो।

> समय की गति को कोई बांध नहीं सकता। जिस तरह कुछ नया सीखने की कोई उम्र नहीं होती, ठीक उसी तरह संस्कारवान होने का उम्र से कोई संबंध नहीं होता। जिस दिन हम बोलना सीखते हैं, उसी दिन से यह प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। अब अगर कोई यह सोच ले कि उसने सब सीख लिया है, तो यह उसकी नादानी ही है।

अपने देश को स्वतंत्र बनाने के लिए हमने लाखा प्रयत्न किए हों, लेकिन किसी भी काल का कोई भी शासक हिंदुस्तान के प्रति कभी विनम्र नहीं रहा। हमारे कितने ही लोग उनकी चालाकियों और यातनाओं का शिकार बने। हमें जानवरों की तरह समझकर उसी तरह का व्यवहार किया गया, हजारों ने लाठियां और गोलियां खाईं, फिर भी शासकीय विनम्रता दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। यहां तक कि उन्होंने हमारी खनिज संपदा और प्राकृतिक संपत्तियों से अपना घर भरा, हमारी धरोहरों को मिटाने के प्रयास किए। वर्तमान में भी हमारा देश विकासशील है, न कि विकसित। इसका मुख्य कारण यही है कि आज भी हमारे अनेक नागरिकों के भीतर उनका स्वार्थ बार-बार पनपता है और वे सर्वहित से जुड़ना ही नहीं चाहते। सत्ता के घमंड का अंकुश बेहद खतरनाक होता है, इसे सिरे से खत्म करना होगा। इस दिशा में हम सबको इस तरह से एक होना होगा कि कोई भी दूसरा देश हमें आंख दिखाने की हिम्मत न करे। इसके लिए हमें एक दूसरे के प्रति विनम्र रहना होगा। विनम्रता की मिट्टी से किया गया स्नान ही हमें पवित्र मन का मालिक बनाता है।

दुनिया मेरे आगे

मताधिकार पर संकट



मतदाता सूची में कोई पात्र मतदाता न छूटे और कोई अपात्र न जुड़े, इससे किसी को असहमति नहीं होगी। मगर इसके क्रियान्वयन ने लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। देश भर में करोड़ों लोगों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। हैरानी की बात है कि जीवित और अपने वर्तमान पते पर मौजूद मतदाताओं के नाम भी सूची से गायब हो गए हैं। दलील दी जाती है कि शिकायत करने पर नाम फिर जुड़ सकते हैं। सवाल यह है कि पात्र लोगों के नाम काटे ही क्यों गए? इसका दोषी कौन है? क्या जिम्मेदारी तय नहीं होनी चाहिए? दूसरी समस्या फार्म-6 को लेकर है। दशकों से मतदान कर रहे व्यक्ति का नाम चुनाव आयोग की लापरवाही से कटने के बाद उससे नए मतदाता की तरह फार्म-6 भरवाया जा रहा है। कई जगह स्थानांतरित मतदाताओं को नई जगह नाम जोड़ने से पहले पुराने स्थान से नाम हटवाने को कहा गया। मजबूरी में उन्होंने ऐसा किया, फिर नई जगह फार्म-6 भरवाया गया। अब वे आशंकित हैं कि भविष्य में कोई समस्या आई, तो जिम्मेदार कौन होगा। क्या चुनाव आयोग ऐसे मतदाताओं की परेशानियां दूर करने के लिए कोई कारगर कदम उठाएगा?

- रूपलाल बेदिया, धनबाद, झारखंड

उपचार का अधिकार

हर मरीज को सस्ता उपचार पाने का अधिकार मिलना चाहिए। आज बाजार में दवाइयों की मनमानी कीमतों के कारण इलाज महंगा होता जा रहा है। सरकार को दवाओं में बेलगाम मुनाफाखोरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना चाहिए। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिसमें दवाएं आम आदमी की पहुंच में हों और कीमत का निर्धारण लागत के आधार पर हो। दवा की लागत और उस पर अंकित मूल्य के बीच का भारी अंतर दवा उद्योग में मुनाफे के खेल को उजागर करता है। कीमतों पर नियंत्रण के लिए सस्त और विस्तृत नीति की जरूरत है। जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देना, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा वितरण को मजबूत करना और मूल्य नियंत्रण प्राधिकरण को अधिक अधिकार देना समय की मांग है। स्वास्थ्य व्यापार नहीं, सेवा है। यदि दवा गरीब की पहुंच से बाहर हो जाए, तो यह मानवाधिकार का हनन है।

- राजेंद्र कुमावत, जयपुर, राजस्थान

सेहत की फिक्र

देश की सत्तर फीसद से अधिक आबादी मध्य और गरीब वर्ग की है, जिसके लिए परिवार में किसी का बीमार होना ही बड़ी आर्थिक चुनौती बन जाता है। आयुष्मान भारत और सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क दवाओं से राहत जरूर मिली है, पर ग्रामीण अंचलों में चिकित्सकों और दवाओं की कमी तथा जिला अस्पतालों की भीड़ के कारण मरीज निजी अस्पतालों का रुख करने को मजबूर हैं। वहां जांच, फीस और दवाओं के मनमाने दाम सामान्य बुखार के इलाज को भी महीने का बजट बिगाड़ने वाला खर्च बना देते हैं। कैंसर की दवाओं की कीमत तय करने की तर्ज पर सभी बीमारियों की दवाओं की व्यापक समीक्षा होनी चाहिए। निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में जांच शुल्क भी निर्धारित किए जाने चाहिए। स्वास्थ्य सेवा व्यापार नहीं, जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। पैसे की कमी किसी व्यक्ति को इलाज से वंचित न करे, यह सरकार का दायित्व है।

- अरविंद रावल, झाबुआ, मप्र

मुश्किल में किसान

डीजल, खाद, बीज और खेती से जुड़ी हर चीज के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे कृषि की लागत में भी बढ़ोतरी हो रही है। विडंबना यह है कि हर चीज की महंगाई बढ़ती है, मगर किसान की उगाई फसल का दाम उस अनुपात में कभी नहीं बढ़ता। अन्नदाता दिन-रात खून-पसीना एक करके फसल तैयार करता है, पर बेचने की बारी आती है तो लागत निकालना भी मुश्किल हो जाता है। मंडियों में वह अपनी मेहनत का दाम पाने के लिए भटकता रहता है और उसका परिवार कर्ज के बोझ तले दबता जाता है। चुनाव के वक्त नेता बड़े-बड़े वादे लेकर चौपालों पर हाथ जोड़ने पहुंच जाते हैं, लेकिन समस्याओं के समाधान की बारी आने पर जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेते हैं। आखिर किसानों के अधिकारों और उनकी मेहनत के वाजिब हक की अनदेखी कब तक होती रहेगी?

- निराली ठोरिया, मोरबी, गुजरात

चिंतन

अनिश्चितकाल तक प्रदर्शन का हक नहीं



सियासत
प्रो.(डॉ) मनोज दयाल

लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..! मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है।

लोकतंत्र का यही शॉर्टकट..! माननीय बनने की होड़..! कोई अपनी पार्टी बना रहा है तो कोई दल बदल रहा है। यह हरकतें चुनावी आहट के साथ तेज हो रही हैं। सियासी हस्सरतें पूरी करने का चलन इस कंपन्स से झनझना उठा है। लोकतंत्र में सबको चुनाव लड़ने का अधिकार है। आजकल चुनाव लड़ने से ज्यादा चुनावी दुकान खोलने का चलन बढ़ गया है। "माननीय" बनने की ऐसी होड़ लगी है कि जिसके पास चार लोगों का समर्थन नहीं, वह भी चार पहियों वाली गाड़ी पर अपना झंडा लगाकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठा है। किसी ने पार्टी बनाई तो किसी ने दल बदल लिया। नाम चाहे कुछ भी हो..! मकसद एक ही है - किसी तरह विधायक-सांसद की नेम प्लेट लग जाए। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का राजनीतिक मौसम देखिए। जैसे ही चुनाव की आहट सुनाई देती है, वैसे ही कुछ रिटायर्ड अफसरों, पूर्व न्यायाधीशों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हताश नेताओं के भीतर सोया हुआ 'जननायक' जाग जाता है। वे सोचते हैं, किसी पार्टी में जाकर टिकट मांगने से अच्छा है, अपनी ही पार्टी क्यों न बना ली जाए। टिकट मांगने का झंझट खत्म..! खुद ही टिकट बांटो, खुद ही अध्यक्ष बनो..! यह हस्सरतें पूरी करने का जो नया चलन है, वह चुनावी कैलेंडर के साथ और तेज हो गया है। 2027 के विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं। पर उत्तर प्रदेश में अभी से सैकड़ों नई पार्टियों ने निर्वाचन आयोग के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कोई लखनऊ में प्रेस क्लब में पार्टी लांच कर रहा है तो कोई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में अपना घोषणा पत्र पढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर पार्टी का लोगो, झंडा और एक जोशीला नारा- बस, बन गए राष्ट्रीय अध्यक्ष। रिटायर्ड अफसरों की राजनीति..! पेंशन के बाद पद की तलाश..! इस दौड़ में सबसे आगे हमारे सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी हैं। जीवन भर फाइलों पर 'स्वीकृत' और 'अस्वीकृत' लिखने वाले ये अधिकारी रिटायरमेंट के बाद अचानक व्यवस्था को बदलने का सपना देखने लगते हैं। इस कड़ी में सबसे चर्चित नाम है विजय शंकर पांडे का। उत्तर प्रदेश कैडर के इस पूर्व आईएएस अधिकारी ने अपने कार्यकाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए ख्याति अर्जित की थी। कहा जाता है कि उन्होंने प्रदेश के कई महाभ्रष्ट अधिकारियों को चिह्नित करने का बीड़ा उठाया था। उनकी छवि एक निर्भीक अधिकारी की थी। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने सोचा कि व्यवस्था को फाइल से नहीं, मैदान से बदला जा सकता है। और फिर बना डाली अपनी पार्टी - लोक गठबंधन पार्टी। उनका तर्क है कि ईमानदार राजनीति ही भ्रष्टाचार का जवाब है। पर सवाल यह भी है कि क्या पार्टी बनाते ही जनता उनके पीछे चल देगी? इसी तरह एक और पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्रपाल हैं। प्रशासन में लंबे अनुभव के बाद उन्होंने 'आदर्श समाज पार्टी' का गठन किया। उनका नारा है- समाज में आदर्श और समता स्थापित करना। वे दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग की आवाज बनने का दावा करते हैं। प्रशासन में रहते हुए उन्होंने सिस्टम को अंदर से देखा। अब बाहर से उसे सुधारने निकले हैं। अब इस फेहरिस्त में नया नाम जुड़ा है -आईएएस दिव्या मित्तल का। अभी हाल ही में उन्होंने



अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। एक युवा, तेजतर्रार महिला अधिकारी के रूप में उनकी पहचान रही है। उनका राजनीति में आना कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक है तो कई लोगों के लिए यह संकेत है कि ब्यूरोक्रेसी में अब प्रतिभा घुटन महसूस कर रही है और उसे राजनीति में ऑक्सीजन तलाश रही है। क्या यह महज संयोग है कि ये सभी चुनाव से ठीक पहले सक्रिय होते हैं? नहीं, यह रणनीति है। चुनाव वह मौसम है, जब मीडिया को नए चेहरे चाहिए, जनता को नए विकल्प की तलाश होती है और ऐसे में अपनी दुकान सजाना सबसे आसान होता है। दलित राजनीति से राष्ट्रीय राजनीति तक का प्रयोग..! यह केवल आईएएस अधिकारियों तक सीमित नहीं है। इस ट्रेंड के पुराने खिलाड़ी भी हैं। उदित राज इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। भारतीय राजस्व सेवा से लेकर राजनीति तक उनका लंबा सफर रहा है। उन्होंने सबसे पहले 'इंडियन जस्टिस पार्टी बनाई थी। दलितों को न्याय दिलाने के नाम पर बनी यह पार्टी बाद में कांग्रेस, फिर भाजपा में विलीन होती-निकलती रही। उदित राज ने दिखाया कि पार्टी बनाना एक तरह से अपनी राजनीतिक कीमत बढ़ाने का तरीका भी है। आपकी अपनी पार्टी है, तो बड़ी पार्टियां आपको गठबंधन में लेने के लिए मजबूर होंगी। यही फॉर्मूला अब हर कोई अपना रहा है। जिसके पास 5 हजार वोट भी नहीं हैं, वह भी कहता है- हम 20 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और किंगमेकर बनेंगे। हकीकत यह है कि ये किंगमेकर नहीं, अपने ही घर के मेकर भी नहीं बन पाते। इन दुकानों के बनने के तीन बड़े कारण हैं। पहला - टिकट का अभाव और व्यक्तिवाद का उभार। बड़ी पार्टियों में टिकट के लिए लंबी लाइन है। वहां जाति, पैसा और परिवारवाद हावी है। ऐसे में एक रिटायर्ड अफसर या सामाजिक कार्यकर्ता को लगता है कि वहां उसकी पूछ नहीं होगी। इसलिए वह अपनी पार्टी बनाकर खुद को 'हाईकमान' घोषित कर देता है। दूसरा - चुनाव एक उद्योग बन गया है। पार्टी बनाइए। चंदा लीजिए। थोड़ा प्रचार कीजिए और अगर एक-दो सीटों पर 10-15 हजार वोट काट दिए, तो बड़ी पार्टियों से सौदेबाजी का रास्ता खुल जाता है। कई पार्टियां तो इसी वोट-कटवा की भूमिका के लिए ही बनाई जाती हैं। तीसरा - सोशल मीडिया का भ्रम। फेसबुक पर 10 हजार फॉलोअर और यूट्यूब पर 2 लाख व्यूज देखकर लोगों को लगता है कि ये व्यक्ति लोकप्रिय है। यह वर्चुअल लोकप्रियता उन्हें जमीन पर भी नेता होने का भ्रम दे देती है। वे भूल जाते हैं कि लाइक वोट में नहीं बदलता। सवाल यह है कि क्या यह लोकतंत्र के लिए खतरा है? जवाब है- नहीं, पर चेतावनी जरूर है। भारतीय निर्वाचन आयोग के पास 2800 से ज्यादा पंजीकृत दल हैं, पर 90% दल ऐसे हैं जिन्होंने कभी एक भी चुनाव नहीं लड़ा। ये सिर्फ कागजों पर हैं। बैलेट पेपर पर एक ही नाम से मिलते-जुलते 4-5 निर्दलीय और छोटी पार्टियों के चुनाव चिह्न देखकर वोटर कन्फ्यूज हो जाता है। और यही इनका असली खेल है - वोट काटो, चुनाव प्रभावित करो। दूसरी तरफ, यह लोकतंत्र की जीवंतता भी है। अगर कोई विजय शंकर पांडे या चंद्रपाल या दिव्या मित्तल ईमानदारी से कोई विकल्प देना चाहते हैं, तो उनका स्वागत होना चाहिए। समस्या तब है, जब पार्टी का मकसद सिर्फ 'माननीय' बनने की हसरत पूरी करना हो, जनता की सेवा नहीं। पार्टी बनाना आसान है। पर पार्टी को विचार देना, कैडर बनाना और जनता का विश्वास जीतना सबसे कठिन तपस्या है। वह तपस्या न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस से होती है। न ही लखनऊ-दिल्ली के होटलों में पार्टी लांच करने से। लोकतंत्र में दुकानें बहुत खुल गई हैं। पर ग्राहक यानी जनता बहुत समझदार हो गई है। वह जानती है कि कौन सेवा के लिए आया है, तो कौन

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं। उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।)

आध्यात्मिक
विवेक मिश्रा



33 लाख दीप प्रज्ज्वलन का नया रिकॉर्ड बनाने का प्रयास

भारत की आध्यात्मिक धारा प्रकट से अप्रकट की ओर प्रवाहित है, इसी अंतःकरण के दीपपर्व का बाह्य मूर्त चित्रण दीपावली है। अपने परम आराध्य के प्रत्यक्ष सान्निध्य की अभिलाषा में रत एक नगर का रोम-रोम आह्लादित हो उठता है। अयोध्या से आशय उस भूमि से है, जिस पर युद्ध द्वारा विजय नहीं प्राप्त की जा सकती है, युद्ध अर्थात द्वंद्व से निर्मित संघर्ष। जिस धरा या स्थान पर युद्धकारक द्वंद्व का अंत होता हो, वहां स्वतः ही राम अर्थात रमणीय आनंद का निवास होता है। योगीजन भी इसी रामभावी ब्रह्म तत्व में सदैव लीन मिलते हैं। भारतीय सनातन संस्कृति का यह पौराणिक दर्शन, आज हमारे समक्ष अयोध्या के भव्य व दिव्य दीपोत्सव के रूप में साकार होता है। दीपावली के शुभयोग पर आगामी 7 नवंबर 2026 को सरयू जी के 56 घाटों पर एकसाथ 33 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास होगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में भी 1 लाख 11 हजार दियों का प्रज्ज्वलन होगा। ज्ञात हो विगत वर्ष 2025 में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। गिनीज रिकॉर्ड स्थापित करने हेतु, सटीक मापदंडों की पालना करनी होती है। निगरानी रखने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की एक आधिकारिक टीम मौके पर मौजूद रहती है। दीयों को व्यवस्थित रूप से दीप्त करने के लिए अवध विश्वविद्यालय समेत अन्य कॉलेजों के 35000 वालेंटियर को नियुक्त किया गया है। आयोजनों में 45 मिनट लंबा ड्रोन और लेजर शो भी रहेगा, जिसमें रामायण के प्रसंगों का सजीव चित्रण होगा। इस वर्ष 10 वे दीपोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य कैबिनेट मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। 2027 के विधानसभा चुनावों से पूर्व इस बार का सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजनीतिक पक्षों के चुनावी समीकरणों से भी जुड़ेगा। पिछले दिनों अयोध्या में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का दौरा हुआ और वे श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन करने नहीं पहुंचे। सामुदायिक वोट बैंक को साधने की कोशिशों का यह एक सुनियोजित क्रम रहा है। विपक्षी दल, ऐसे आयोजनों में सरकारी धन की फिजूलखर्ची और सरकार की ब्रांडिंग पर आरोप लगाते हैं। बीते दिनों प्रधानमंत्री के जन्मदिन और सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने पर, आयोजित 'आशीर्वाद का दिया' नामक कार्यक्रम की तीखी आलोचना विपक्षीय दलों व चिंतकों ने की थी। मुख्य विरोध उत्तर प्रदेश और बिहार से ही शुरू हुआ था। बाढ़ के बीच जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने उत्सव मनाने के आधिकारिक निर्देश जारी किए, जिन्हें बाद में वापस लिया गया। प्रथम दृष्टया, यह प्रश्न उचित प्रतीत होता है। इस स्तर के बड़े आयोजनों में जहां 33 लाख मिट्टी के दिये, 65 लाख बातियां, लगभग 55 हजार लीटर सरसों का तेल और 150 किलो कपूर का इस्तेमाल होने वाला है ।

इन व्यवस्थाओं में होने वाले खर्चों का योग कितने अंकों तक पहुंचता है? इसका अनुमान ही हम लगा सकते हैं। परन्तु एक दूसरा व्यावसायिक पक्ष यह भी है कि इस एकमुश्त मांग की आपूर्ति में कई छोटे-बड़े व्यापारी, व्यवसायी या श्रमिक वर्ग लगे होते हैं। इन बड़े आयोजनों के माध्यम से, वह पर्याप्त लाभ व रोजगार पाते हैं। पर्यटन, विज्ञापन और स्पॉन्सरशिप के माध्यम से राजकीय कोष को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचता है। वालंटियर के रूप में महाविद्यालयों के छात्रों का सहयोग,उन्हें संस्कृति से जुड़ने और परस्पर समन्वय के अवसर प्रदान करता है। भव्य आयोजनों से प्रतिष्ठित होती, नगर विशेष की अंतर्राष्ट्रीय छवि संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रगति के पथ को प्रशस्त करती है। अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखे जाने की अनिवार्यता को भी समझना चाहिए। मिट्टी के दीपक, बातियां, घी और सरसों का तेल पूर्णतः बायो डिग्रेडेबल हैं, अर्थात यह सभी सरलता से विघटित हो पुनः मिट्टी अथवा कार्बन स्वरूप में मिल जाते हैं। सरसों के तेल में 'एलील थियोआइसोसायनेट' नामक सक्रिय यौगिक होता है,जो तीखी गंध देता है। भारत भूमि के सबसे उन्नत आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में प्रत्येक वर्ष नव-नवीन कीर्तिमान स्थापित करता, भव्य-दिव्य दीपोत्सव का आयोजन, सहज सर्वमान्य होना चाहिए। प्रभु राम तो स्वयं 'पर्व' अर्थात जोड़ने वाले और ' उत्सव' अर्थात ऊपर उठते श्रेष्ठतम यज्ञ,उत्पत्ति और आनंद के स्वरूप हैं। यह तो हमारा दृष्टिकोण है कि, हम प्रभु मूर्त को किस दृष्टि से देख पाते हैं । जैसा कि, श्री राम चरित्र मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं:- 'जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरति देखी तिन्ह तैसी॥

संकलित
दर्शन

चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है ना बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए मायापत्नी करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि कूपरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे देकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्यवाद पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निस्तर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। यदि हमने किसी गरीब को कुछ दिया, तो वास्तव में हम पर उसका आभार है, क्योंकि उसने हमें इस बात का अवसर दिया कि हम अपनी दया की भावना उस पर काम में ला सकें।

संकलित
प्रेरणा

मूर्ख साधू और ठग



किसी गाँव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गाँव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मित्रता की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग तो जी तब से इसी पल का इंतजार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षा: किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

अपराध की काली कमाई सफेद करने का धंधा

मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात धनशोधन आज केवल आर्थिक अपराध नहीं रह गया है, बल्कि यह संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद और अवैध व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण वित्तीय आधार बन चुका है। सामान्य शब्दों में कहें तो मनी लॉन्ड्रिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अपराध से अर्जित धन के वास्तविक स्रोत को छिपाकर उसे वैध अथवा कानूनी रूप से अर्जित धन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अपराधी जानते हैं कि केवल अवैध तरीके से धन कमाना पर्याप्त नहीं है। उस धन को ऐसी व्यवस्था में शामिल करना भी आवश्यक है जिससे उसकी वास्तविक उत्पत्ति का पता लगाना कठिन हो जाए।

- राजेश शर्मा, हिसार

ट्रेंड

पिक लाइन

पुणे मेट्रो की नई 'पिंक लाइन' इतनी खास क्यों है? यह 23 किमी लंबी लाइन हिंजवाड़ी के आईटी हब को शिवाजीनगर से जोड़ती है। इसका संचालन महिलाएं करेंगी। इससे पुणे में 'जीवन सुगमता' को काफी बढ़ावा मिलेगा! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं

तुर्कमान गेट पर 7,000 किलो मिलावटी खोया जब्त किया गया। त्योहारों सीजन के दौरान और पूरे साल दिल्ली भर में छापेमारी तेज की जाएगी। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी को भी मुनाफे के लिए लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी खुद अराजक

बीजेपी तो खुद ही अराजकता है! बीजेपी के राज में कोई आदमी नहीं पकड़ा जाता, क्योंकि आदमी चाहे जो भी हो, वह बीजेपी में रहीं न रहीं कोई पदाधिकारी जरूर होगा। महिलाओं के आंसू बीजेपी की सत्ता को बहा ले जाएंगे!

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

महंगाई मुक्ति यात्रा

भ्रष्टाचार और असहनीय घूमती कीमतों के खिलाफ गोवा के लोगों को एकजुट करने के संकल्प के साथ 'आप' 26 नवंबर से 19 दिसंबर तक 'महंगाई मुक्ति यात्रा' शुरू करेगी। हमारी व्यापक और घूमती हुई गारंटियां सरल और सीधे समाधान देती हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

न्यूयॉर्क में 30 साल में पहली बार खसरे से बच्चे की मौत

अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य के उत्तरी ग्रामीण इलाके में खसरे से संक्रमित एक बच्चे की मौत हो गई है। राज्य के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह पहला मामला है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने बताया कि बच्चे की मौत सिरेक्यूज से करीब 93 150 किलोमीटर उत्तर में स्थित लुईस काउंटी में हुई। अमेरिका ने उच्च टीकाकरण दर बनाए रखकर 2000 में देश के भीतर खसरे के प्रसार को रोक दिया था। हाल के वर्षों में टीकाकरण की दर में गिरावट आई है और यह इस बीमारी के प्रकोप को रोकने के लिए जरूरी 95 प्रतिशत के स्तर से नीचे पहुंच गई है। डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता होचुल ने बच्चे की मौत पर दुख जताते हुए कहा, ' यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि जब वाशिंगटन जानबूझकर अमेरिकियों को ऐसी बीमारियों से बचाने की दशकों की प्रगति को कमजोर करता है तो कितना कुछ दांव पर लग जाता है।'' रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने इस साल अमेरिका में खसरे से संबंधित तीन मौतों की पुष्टि की है। विभिन्न राज्यों के स्वास्थ्य विभागों ने इससे अधिक मौतों की जानकारी दी है।



ऑफ बीट

आपके बलगम का रंग बताएगा आपकी सेहत

क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके बलगम का रंग अलग क्यों होता है? शायद आप यह सवाल पूछने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं। वास्तव में कई कारण हैं कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके नाक के बलगम का रंग बदल जाता है। नाक के बलगम का रंग और गाढ़ापन आपकी रोग प्रतिरोध प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दे सकता है, और यह भी बता सकता है कि आपका शरीर बीमारियों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है। बलगम हमारे नाक के मार्ग में स्थित उतकों द्वारा निर्मित होता है। अवसर इसे केवल एक दिक्कत के रूप में देखा जाता है, लेकिन बलगम एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। असल में यह एक सुरक्षात्मक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो धूल, किटाणु, वायरस और अन्य कणों को ध्वसन प्रणाली के गहरे भागों तक पहुंचने से रोकता है। हमारे नाक के बलगम में मौजूद लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे एंजाइम में रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं। वे किटाणु की कोशिका को तोड़ते हैं और किटाणु के विकास को सीमित करने में मदद करते हैं। यह सुरक्षात्मक भूमिका बलगम को प्रतिरोधक की एक महत्वपूर्ण रेखा बनाती है, ऐसे समय में भी जब हम अस्वस्थ न हों।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

सिर्फ ग्रीन पटाखे

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को अवैध पटाखों की बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई के जो निर्देश दिए हैं, वे सराहनीय तो हैं ही, लोगों के लिए सुकूनदेह भी हैं। अदालत ने इसी सोमवार को पटाखों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध से जुड़ी याचिका की सुनवाई करते हुए फैसला दिया था कि एक तय समय-सीमा के भीतर 7 और 8 नवंबर को सिर्फ ग्रीन पटाखे चलाए जा सकते हैं। पटाखों पर 9 नवंबर से पहले जैसी सख्त पाबंदी आयद होगी। इस फैसले की अहमियत दीपावली से जुड़ी भावनाओं के संदर्भ में समझी जा सकती है, मगर जिस तरह से दिल्ली के बाजारों में खुलेआम अवैध पटाखों की बिक्री की खबर उजागर हुई है, वह हैरत पैदा करने वाली है। हमारे सहयोगी अखबार *हिन्दुस्तान टाइम्स* की इसी खबर का संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नए निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली में ग्रैप के दूसरे चरण की पाबंदियां लागू हैं और प्रदूषण का आलम यह है कि सोमवार को राजधानी में जो वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 324 दर्ज किया गया था, वह मंगलवार को 410 के ऊपर पहुंच गया। यह बहुत ही खराब श्रेणी है। एक्यूआई हर रोज एक नई ऊंचाई छू रहा है। ऐसे में, पुराने पटाखों की बिक्री किसी संगीन अपराध से कम नहीं।

गौरतलब है, ग्रीन पटाखों से सामान्य पटाखों के मुकाबले 40 से 50 फीसदी कम हानिकारक गैस निकलती है। यह जानते हुए भी कि ग्रीन पटाखे पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं होते, अदालत ने सिर्फ जन-समुदाय की भावनाओं का ख्याल रखते हुए परंपरा के निबाह के लिए यह सीमित छूट दी है, मगर कुछ व्यापारी इस फैसले की पवित्रता को नहीं समझ रहे और वे मुनाफे के लोभ में चोरी-छिपे पुराने पटाखों की दुकान सजा रहे हैं। निस्संदेह, ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। विडंबना यह है कि अदालती फैसले को लागू करा पाना पुलिस-प्रशासन के लिए भी गंभीर चुनौती बन गया है। अव्वल तो दिल्ली पुलिस के पास इतनी संख्या में आरक्षी बल नहीं हैं कि वे गली-गली गश्त लगा सकें और अदालती आदेश को अक्षरशः अमलीजामा पहना सकें। उस पर राजधानी की कानून-व्यवस्था, अति-महत्वपूर्ण लोगों की सुरक्षा की भी जिम्मेदारियां हैं। ऐसे में, कोई भी अतिरिक्त दायित्व उस पर काम का बोझ बढ़ाता है, जिससे मुकदमों के अनुसंधान के उसके मूल काम प्रभावित होते हैं। क्या दिल्ली के नागरिक और सामाजिक संगठनों को ऐसे में आगे नहीं आना चाहिए? तब तो और, जब वायु प्रदूषण के कारण नवंबर का महीना राजधानी के बाशिंदों के लिए किसी अजाब से कम नहीं होता?

कुछ व्यापारी सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पवित्रता को नहीं समझ रहे और वे मुनाफे के लोभ में चोरी-छिपे पुराने पटाखों की दुकान सजा रहे हैं। उनसे निपटा जाना चाहिए।

हम अधिकारों की बात ज्यादा करने और कर्तव्यों में कोताही बरतने वाला समाज बनते जा रहे हैं। आईआईटी, कानपुर और टेरी जैसी जिम्मेदार संस्थाओं ने अपने अध्ययन में यह पाया है कि सर्दियों के वायु प्रदूषण में वाहनों से निकलने वाले धुएं का योगदान 40 फीसदी तक बढ़ जाता है। अफसोस! राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सड़कों पर दौड़ती गाड़ियों की संख्या नवंबर-दिसंबर में कतई कम नहीं होती, जबकि यहां की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली देश के दूसरे महानगरों से कहीं बेहतर स्थिति में है। मेट्रो के जाल के साथ-साथ बड़ी संख्या में सीएनजी बसें संचालित हो रही हैं। अदालती चाबुक के बाद जागने की प्रवृत्ति को हमेशा के लिए त्यागने का वक्त आ गया है। कानून लागू करने वाली एजेंसियां नागरिकों के आचरण में प्रभावी सुधार नहीं ला सकतीं, यह काम तो समाज के जागरूक तबके को ही करना होगा।

अब और सुगम हो जाएगा हवाई सफर

नए नियमों में हवाई किराया तय करने में पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर दिया गया है, साथ ही असाधारण परिस्थितियों में सरकार द्वारा दखल दिए जाने की व्यवस्था भी की गई है।



सरस त्रिपाठी | पूर्व हवाई अड्डा प्रबंधक, आईजीआईए



विमान उद्योग के आधुनिकीकरण और यात्री हितों की रक्षा की दिशा में सरकार ने एक जरूरी कदम उठाया है। भारतीय वायुयान नियम, 2026 आगामी 1 जनवरी से लागू हो जाएगा और इसके साथ ही करीब नौ दशक से चल रहा 'विमान नियम 1937' इतिहास के पन्नों में सिमट जाएगा। नए नियमों के तहत हवाई किराया तय करने में पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर दिया गया है और यह व्यवस्था की गई है कि असाधारण परिस्थिति पैदा होने पर केंद्र सरकार स्वतः हस्तक्षेप करते हुए जनहित में विमानन कंपनियों को निर्देश जारी कर सकती है।

जाहिर है, हवाई मुसाफिरों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि के साथ-साथ जब आसमान छूते किराये और यात्रियों की जेब पर भारी पड़ते अतिरिक्त शुल्क आम बहस का केंद्र बन चुके हैं, तब ऐसे प्रयास अनिवार्य ही चले थे। विशेष अवसरों पर हवाई किराये में अप्रत्याशित वृद्धि पर कई बार सवाल उठ चुके हैं। अभी दीवाली और छठ के दौरान ही हवाई किराये में 700 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गया।

दरअसल, विशेष मौकों पर, जब बड़ी संख्या में प्रवासी अपने-अपने घर लौटने के प्रयास करते हैं, तब विमानन कंपनियां द्वारा 'डायनेमिक प्राइसिंग' के नाम पर किराये में पांच से सात गुना तक की बढ़ोतरी कर दी जाती है। इसी मनमानी के विरुद्ध एक जनहित याचिका के माध्यम से तत्काल राहत की गुहार लगाई गई थी, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की- 'यदि किराये अधिक हैं, तब हवाई यात्रा न करें।' यह टिप्पणी भले ही कानूनी औपचारिकता और तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप के संदर्भ में की गई हो, परंतु यह व्यवस्था पर एक गंभीर नैतिक प्रश्न अवश्य खड़ा करती है।

भारत जैसे विकासशील देशमें, जहां हवाई यात्रा को अब 'लग्जरी' के बजाय मध्यम वर्ग और समय के पाबंद पेशेवरों के लिए 'आवश्यक सेवा' के रूप में देखा जाने लगा है, ऐसी अनियंत्रित कीमतें आम जन की पहुंच से बाहर हो जाती हैं। न्यायालय की यह टिप्पणी परोक्षतः इसी बात को रेखांकित करती है कि जब तक देश में शक्ति संपन्न विनियामक व्यवस्था नहीं होगी, तब तक यात्री शोषण का शिकार होते रहेंगे।

बहरहाल, भारतीय वायुयान नियम, 2026 के कई प्रावधान फिक्यायती यात्रा सुनिश्चित करा सकते हैं। मिसाल के लिए, मूल किराये, कर व शुल्कों को अब अलग-अलग बांटकर बताना होगा। असलमें, विमानन कंपनियां शुरुआती बुकिंग के समय कम बेस फेयर दिखाती हैं, पर अंत में यूजर डेवलपमेंट फीस, टैक्स, सर्विस चार्ज व अन्य छिपे शुल्क जोड़कर किट को भारी-भरकम बना देती हैं। नए नियमों के तहत कंपनियों को बुकिंग के वक्त ही टिकट के कुल मूल्य के साथ-साथ बेस फेयर, टैक्स, कैंसिलेशन चार्ज और रिफंड की शर्तों का अलग-अलग ब्योरा देना होगा। इससे छिपे हुए शुल्कों की मनमानी पर लगाम लगेगी और यात्री भी समझ सकेंगे कि वे किस मद में कितना पैसा चुका रहे हैं।

दूसरा फायदा यह होगा कि असाधारण परिस्थितियों में सरकार हस्तक्षेप कर सकेगी। नियम 192 के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई असाधारण स्थिति उत्पन्न होती है और जनहित में हस्तक्षेप करना आवश्यक हो जाता है, तब केंद्र सरकार विमानन कंपनियों को किराये के संबंध में लिखित निर्देश जारी कर सकती है। हालांकि, सामान्य दिनों में वे अपनी परिचालन लागत के आधार पर कीमतें तय करने को स्वतंत्र होंगी, परंतु संकट या त्योहारों के समय बेलगाम मूल्य-वृद्धि पर लगाम लगाने के लिए सरकार के पास विधिक अधिकार होगा। इसी तरह, डीजीसीए की निगरानी भी कड़ी कर दी गई है। नागर विमानन महानिदेशालय अब विमानन कंपनियों द्वारा तय किए जाने वाले टैरिफ और शुल्कों की अधिक बारीकी से निगरानी करेगा, जिससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

फिर भी, कुछ ऐसे काम शेष हैं, जिन पर यदि ध्यान दिया जाए, तो भारत में हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाया जा सकेगा। पहला, 'एविएशन टर्बाइन फ्यूल' (एटीएफ) पर तर्कसंगत कर लगना चाहिए। दरअसल, विमानन कंपनियां कुल परिचालन लागत का लगभग 35 से 40 फीसदी हिस्सा विमान ईंधन पर खर्च करती हैं। भारत में एटीएफ पर लगने वाले केंद्रीय और राज्य कर दुनिया के कई अन्य देशों की तुलना में काफी अधिक हैं। यदि सरकार एटीएफ को 'वस्तु एवं सेवा कर' के दायरे में ले आए, तो इससे लागत में भारी कमी आएगी, जिसका सीधा लाभ घटे हुए किराये के रूप में यात्रियों को मिल सकेगा।

दूसरा, 'डायनेमिक प्राइसिंग एल्गोरिदम' के लिए एक 'कैप' (सीमा) तय करना चाहिए। निजी कंपनियां अभी 'मांग-पूर्ति' पर आधारित किराया तय करने वाली अनियंत्रित एल्गोरिदम प्रणाली अपनाती हैं। इसमें एक निश्चित ऊपरी सीमा या 'फ्लोर-सीलिंग' होनी चाहिए। त्योहारी मौसम या आपातकालीन परिस्थितियों में किराये में इस सीमा से अधिक वृद्धि नहीं होनी चाहिए। रेलवे की 'फ्लेक्सी-फेयर' व्यवस्था ऐसी ही एक पहल है। तीसरा काम है, टियर-2 और टियर-3 शहरों में बुनियादी ढांचे का विस्तार। 'उड़ान' जैसी क्षेत्रीय संपर्क योजनाओं को और गति देने की आवश्यकता है। जब छोटे शहरों और हवाई अड्डों पर विमानन कंपनियों को रियायतें मिलेंगी, तब छोटे मार्गों पर भी प्रतियोगिता बढ़ेगी और किराये स्वतः किफायती होंगे।

इसी तरह, सामान और अन्य अतिरिक्त सेवाओं के शुल्क पर भी नियमन होना चाहिए। यात्रियों से केबिन या चेक-इन बैगेज के नाम पर वसूले जाने वाले भारी अतिरिक्त शुल्क पर लगाम लगनी चाहिए। इकोनॉमी क्लास में एक तय सीमा (जैसे, 15 से 25 किलो) तक का बैगेज शुल्क टिकट मूल्य में ही शामिल होना चाहिए।

साफ है, भारतीय वायुयान नियम, 2026 यात्री हितों में उठाया गया एक प्रशंसनीय कदम है, पर विमानन क्षेत्र को किफायती और व्यापक मध्यम वर्ग तक पहुंचाने के लिए कुछ अन्य काम भी करने होंगे। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां स्पष्ट करती हैं कि केवल तकनीकी नियमों से बाजार के चरित्र को पूरी तरह नहीं रोका जा सकता। इसलिए जब तक सरकार विमान ईंधन की कीमतों को नियंत्रित करने, करों को युक्तिसंगत बनाने और विमान सेवाओं की मूल्य-निर्धारण प्रणाली पर एक प्रभावी विनियामक की स्थापना नहीं करती, तब तक आम भारतीय के लिए न तो 'आकाश की सैर', न ही 'उड़े देश का आम नागरिक' जैसे नारे सफल हो सकेंगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

गुस्से से क्यों बेकाबू होने लगे छोटे-छोटे बच्चे



क्षमा शर्मा | वरिष्ठ पत्रकार

पंचकुला के एक स्कूल में नौ साल के एक बच्चे ने छह साल की बच्ची को जिस तरह ईंट से बार-बार मारा, वह हैरतअंगेज है। बच्ची 'केजी' में पढ़ती है। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी हालत में कुछ सुधार हुआ है और वह अब खतरे से बाहर आ चुकी है। कहा जा रहा है बच्ची ने बच्चे को पागल कह दिया था, इसलिए वह गुस्सा हो गया।

एक नौ साल के बच्चे में आखिर इतना गुस्सा कैसे, क्यों? बहुत से लोग कह रहे हैं कि बच्चे का मानसिक इलाज कराया जाए। सच बात है, एक नौ साल के बच्चे को इतना क्रोध आए कि वह दूसरे बच्चे को जान लेने पर ही तुल जाए, तो यह कोई साधारण बात नहीं है। अब उसकी काउंसलिंग भी होगी। इसके अलावा, बच्चे के घर के परिवेश की जांच भी जरूरी है। आखिर बच्चे ने ऐसा कहां से सीखा? क्या घर में इस बच्चे के सामने माता-पिता या परिवार के अन्य सदस्यों के बीच रोज लड़ाई-झगड़ा और मारपीट होती थी? क्या यह बच्चा सोशल मीडिया पर हिंसा से भरे कार्यक्रम अधिक देखता था? बताया जा रहा है कि बच्चा मोबाइल फोन के इस्तेमाल का आदी है। अगर ऐसा है, तो घर वालों ने इस ओर ध्यान क्यों नहीं दिया? क्या पहले भी इस बच्चे ने स्कूल में इसी तरह का हिंसक व्यवहार किया था? यदि हां, तो क्या स्कूल के शिक्षकों ने इस पर ध्यान दिया? घर वालों से इसकी शिकायत की?

पंचकुला में नौ वर्षीय बच्चे द्वारा छह साल की बच्ची पर हमला कोई साधारण बात नहीं है। उसके घरेलू परिवेश की जांच भी जरूरी है।

जिस बच्ची पर आरोपी बच्चे ने हमला किया, वह शायद जल्द ठीक हो जाए, पर अब खुद हमलावर बच्चे के सामने कई मुश्किलें पेश आ सकती हैं। फिलहाल उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है, जहां विशेषज्ञ और बाल मनोवैज्ञानिक उसकी मानसिक दशा का आकलन कर रहे हैं। अंतिम कानूनी कदम उसकी इसी जांच-पड़ताल पर निर्भर करेगा। फिलहाल वह किसी सामान्य स्कूल में नहीं पढ़ रहा, बल्कि किशोर न्याय बोर्ड के निर्देशानुसार सुरक्षित देख-रेख में रखा गया है, पर भविष्य में उसकी सामाजिक स्वीकार्यता प्रभावित हो सकती है, क्योंकि उसके बारे में अधिकांश लोगों को पता चल गया होगा। ऐसे में, उसका आगे क्या होगा, यह एक बड़ा सवाल है।

वैसे, इस घटना से जुड़े कुछ अन्य सवाल भी हैं, जिनके जवाब धीरे-धीरे, वक्त के साथ मिलेंगे। हरियाणा के शिक्षा विभाग ने प्राचार्य और दो अध्यापिकाओं को निलंबित कर दिया है, लेकिन यह घटना बेहद डरावनी है। बहादे हैं। बच्चे भी इनसे खूब प्रभावित होते हैं। वे अपने साथियों के साथ स्कूल में इसी तरह का ऊंच-नीच व्यवहार करते हैं। यही बात हिंसा के मामले में है। यदि हिंसा को लगातार दिखाया जाए, तो जिसके प्रति हिंसा हुई, उसके प्रति हमारी संवेदनशीलता खत्म हो जाती है। हिंसा भी हमें रोजमर्रा की बात लगने लगती है।

कुछ साल पहले अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में पांच साल के एक बच्चे ने अपने जुड़वां भाई को चाकू मार दिया था। वहां स्कूलों में बच्चों द्वारा गोलीबारी की खबरें आम हैं। अब अपने भी देश के स्कूलों में भी ऐसी ही घटनाएं होने लगें, तो न केवल माता-पिता, अध्यापक, स्कूल इस बारे में गंभीरता से सोचें, बल्कि नीति-निर्माता, राजनेता, तमाम एजेंसियां भी इस ओर जल्दी ध्यान दें। अपने बच्चों को इस तरह से असहित तो नहीं ही छोड़ा जा सकता।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

आनंद नित्य होना चाहिए

क्षमा शर्मा | वरिष्ठ पत्रकार

किसी स्थान में आप जो अनुभव करते हैं, क्या वह आनंद हो सकता है? आप कहते हैं, इस स्थान को छोड़ने पर आपको दुख का अनुभव होता है। इसलिए यह शांति नित्य नहीं है। वह दुख-मिश्रित है। यह दुख दूसरे स्थान में प्रकट होता है। इसलिए आप विशेष स्थान या कालखंड में आनंद प्राप्त नहीं कर सकते। आनंद तो नित्य होना चाहिए, जिससे वह उपयोगी सिद्ध हो। आपकी सत्ता नित्य है। नित्य आत्मा बने रहिए, यही आनंद है।

आत्मा सदैव साक्षात है। जो प्रथम से और नित्य साक्षात है, उसके साक्षात्कार का प्रयत्न आवश्यक नहीं है, क्योंकि आप अपने अस्तित्व का इनकार नहीं कर सकते। वह अस्तित्व चैतन्य है- आत्मा है। यदि आपका अस्तित्व न हो, तो आप प्रश्न नहीं पूछ सकते, अतः आपको अपने अस्तित्व का स्वीकार अवश्य करना पड़ेगा। वह अस्तित्व सद्वस्तु (आत्मा) है। वह पहले से ही साक्षात है, इसलिए साक्षात्कार के लिए किया गया प्रयत्न केवल आपकी वर्तमान भूल कि आपने अपनी आत्मा का साक्षात्कार नहीं किया है, को प्रकट करने के रूप में परिणत होता है। कोई नया साक्षात्कार नहीं होता। आत्मा सदा अनावृत है।

कई लोग सोचते हैं, इस बात के ज्ञान में कई साल लग जाएंगे। याद रखें, समय का ख्याल केवल आपके मन में है, आत्मा में नहीं। आत्मा के लिए समय नहीं है। अहंकार के प्रकट होने के बाद समय एक विचार के रूप में दिखने लगता है, लेकिन आप देश-कालातीत आत्मा हैं। आप देशकाल के अभाव में भी होते हैं। यदि यह सच होता कि साक्षात्कार बाद में होगा, तो इसका मतलब यह हुआ कि इस समय आपको साक्षात्कार नहीं हुआ है। साक्षात्कार को अनित्य समझना गलती है। वह तो सच्ची शाश्वत अवस्था है, जो कभी बदल नहीं सकती।


आप पहले से ही वह हैं। देशकाल आत्मा को प्रभावित नहीं कर सकते। वे आपमें हैं। इस बात को समझाने के लिए एक दृष्टांत है। एक महिला के गले में बहुमूल्य हार था। एक बार उत्तेजना के कारण वह उसे भूल गई और सोचने लगी कि हार खो गया है। बेचैन होकर उसने पूरे घर में ढूंढ़ा, लेकिन वह मिला नहीं। उसने अपने पड़ोसियों, मित्रों से भी पूछा, शायद वे इसके बारे में कुछ जानते हों, पर वे कुछ जानते नहीं थे। आखिरकार एक भले मित्र ने उसे अपने गले में हार को देखने के लिए कहा। उसने जाना कि हार तो हमेशा से गले में ही था और वह सुखी हो गई। बाद में दूसरों के यह पूछने पर कि क्या हार मिल गया? उसने कहा- 'हां मिल गया'। वह ऐसा अनुभव कर रही थी, जैसे खोई हुई चीज मिल गई हो।

आत्मा सदैव साक्षात है। उसके साक्षात्कार का प्रयत्न आवश्यक नहीं है, क्योंकि आप अपने अस्तित्व का इनकार नहीं कर सकते। वह अस्तित्व चैतन्य है- आत्मा है।

ऐसा हमारे साथ भी होता है। हम सोचते हैं, कभी-न-कभी हम आत्मा का साक्षात्कार कर लेंगे, जबकि हम आत्मा के अलावा और कुछ भी नहीं हैं।

रमण महर्षि

पीयूष गोयल | केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री



एक पक्का घर केवल चार दीवारों और छत तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह सम्मान, सुरक्षा, स्थायित्व और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। यह आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है।

हिन्दुस्तान | 75 साल पहले | 04 नवम्बर, 1951

काश्मीरी संविधान-सभा

इस समय कांग्रेस तथा अन्य राजनीतिक दलों का ध्यान चुनावों की तैयारी पर केन्द्रित है लेकिन दो ऐसी घटनाएं हैं जिनका प्रभाव भारत की आंतरिक स्थिति पर ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र पर भी पड़ेगा। उनमें से एक काश्मीर की नवनिर्वाचित संविधान-सभा का उद्घाटन तथा दूसरी चीन के सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल की भारत-यात्रा है।

निस्सन्देह 31 अक्तूबर का दिन काश्मीर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा। उस दिन काश्मीरी जनता का हर्षोल्लास भी जेहलम नदी की तरह, जिसके तट पर श्रीनगर में एक भव्य भवन में सभा का अधिवेशन प्रारंभ हुआ, प्रवाहित हो गया। नारियों के मंगलगान, तोपों की सलामी, जनता द्वारा जयजयकार तथा प्रार्थनाएं यही सूचित करती थीं कि काश्मीर में कोई अभूतपूर्व घटना हुई है। और बात भी ठीक ही थी कि क्योंकि जनता अपने 20 वर्षों के स्वातंत्र्य-संघर्ष में उसी दिन की बाट जोह रही थी जबकि वह अपने राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक व्यवस्था का ढांचा स्वयं तैयार करेगी। संविधान-सभा का उद्घाटन करते हुए अस्थायी अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद सईद मसूदी ने जो कुछ कहा वह काश्मीरी जनता की भावनाओं तथा वस्तु-स्थिति का ही द्योतक था। ... मौलाना ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा 'न संयुक्त राष्ट्र संघ, न भारत, न पाकिस्तान और न किसी अन्य देश को इस संबंध में निर्णय करने का अधिकार है। संविधान-सभा को अन्तिम अधिकार है और सदस्यों को उनका प्रयोग करने से नहीं हिचकिचाना चाहिए क्योंकि निर्णय जनता की घोषित इच्छा के रूप में स्वीकार कर लिया जायेगा।'

जहां तक भारत का प्रश्न है वह तो काश्मीरी जनता की इच्छा को पूर्ण रूप में स्वीकार करने को तैयार है। भारत के राष्ट्रपति, नेहरूजी तथा श्री गोपालस्वामी आयंगर ने इस अवसर पर जो सन्देश भेजे उनमें काश्मीरी जनता के प्रति भारत की सच्ची शुभकामना प्रकट की गई है। वैसे भारत ने नेशनल कान्फ्रेंस को उसकी आजादी की लड़ाई में जो सहयोग दिया, आक्रमणकारियों से काश्मीर की जिस तत्परता से रक्षा की और उसको जो दूसरी सहायता दी है उससे यह निश्चित है कि काश्मीर की संविधान-सभा भारत के साथ रहने के पक्ष में ही अपना निर्णय देगी।

पंजाब में आकार लेता नया समीकरण

पंजाब की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। कभी प्रचंड जनादेश के साथ सत्ता में आई आप आदमी पार्टी (आप) के सामने अब अपनी सरकार का रिपोर्ट-कार्ड जनता के बीच रखने की चुनौती है। दूसरी ओर कांग्रेस वापसी की उम्मीद में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने में जुटी है, जबकि भाजपा भी सुबाई सियासत में नई ताकत बनने की पुरजोर कोशिश कर रही है। वहीं, शिरोमणि अकाली दल अपनी खोई प्रतिष्ठा को वापस पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। ऐसे में, आगामी चुनाव केवल सत्ता-परिवर्तन का मुकाबला नहीं, बल्कि पंजाब के भविष्य की दिशा तय करने वाला माध्यम बन सकता है।

वर्ष 2022 में आप ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ पंजाब की सत्ता हासिल की थी, वह राजनीतिक इतिहास की बड़ी घटनाओं में शामिल रहा। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार बनी, तो जनता को लगा कि अब राज्य में भ्रष्टाचार पर लगाम लग जाएगी, युवाओं को रोजगार मिलेगा, नशे के कारोबार का अंत होगा और कानून-व्यवस्था में सुधार आएगा। आप ने बदलाव का सपना दिखाया था, लेकिन समय बीतने के साथ जनता की अपेक्षाओं और सरकार के कामकाज के बीच अंतर को लेकर सवाल उठने लगे। पंजाब की सबसे गंभीर समस्याओं में नशे का कारोबार प्रमुख है। जनता को उम्मीद थी कि आप सरकार इस समस्या के खिलाफ निर्णायक अभियान चलाएगी, पर तमाम प्रयासों और दावों के बावजूद इस पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो पाया। कानून-व्यवस्था भी एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। गैंगवार, फिरौती, गोलीबारी और आपराधिक घटनाओं की चर्चाओं ने व्यापारियों, उद्योगपतियों और आम नागरिकों की चिंता बढ़ाई है। उद्योगों को सुरक्षित वातावरण और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना किसी भी सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, पर इस मामले में भी राज्य सरकार सवालों के घेरे में है।

स्पष्ट है, मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए अब केवल राजनीतिक घोषणाओं के सहारे जनता का विश्वास बनाए रखना आसान नहीं होगा। उन्हें यह बताना होगा कि जिन समस्याओं के समाधान का भरोसा उन्होंने दिया था, उन पर कितनी प्रगति हुई है। हालांकि, पार्टी के सामने आंतरिक असंतोष से निपटने की भी गंभीर चुनौती है। उसके विधायक जिस तरह से पाला बदल रहे हैं, वह बताता है कि राज्य में नया राजनीतिक समीकरण आकार ले रहा है। कुल मिलाकर, राज्य की राजनीति के लिए आने वाला वक्त काफी अहम होगा।

कांतिलाल मांडोत, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम
पंजाब की सियासत



अपने काम से आश्वस्त मान की सरकार

पंजाब की राजनीति में आम आदमी पार्टी (आप) के सामने फिलहाल कोई ऐसा विपक्षी दल नहीं दिखता, जो उसे सत्ता से बेदखल करने की मजबूत चुनौती दे सके। वर्ष 2022 के चुनाव में 117 सदस्यीय विधानसभा में 92 सीटें जीतकर आप ने एक नया इतिहास रच दिया था। पिछले पांच साल उसने ईमानदारी से काम भी किया है। नतीजतन, 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच यह भरोसा गलत नहीं कि पार्टी अपने कामकाज के आधार पर एक बार फिर जनादेश हासिल कर लेगी।

उसकी पुनर्वापसी की सबसे बड़ी वजह कल्याणकारी योजनाएं और विपक्ष की कमजोर स्थिति है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार ने बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा को अपनी राजनीति का प्रमुख आधार बनाया। राज्य में घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना का लाभ बड़ी संख्या में परिवारों को मिला है। आम आदमी क्लीनिक भी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं। राज्य में 1,245 क्लीनिकों के माध्यम से करीब दो करोड़ मरीजों को सेवाएं मिलने का दावा किया जा रहा है। ये योजनाएं सीधे आम लोगों के जीवन और घरेलू बजट से जुड़ी हैं। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को भी अपनी प्राथमिकताओं में रखा है। सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने, शिक्षकों के प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल ने शिक्षा को राजनीतिक बहस के केंद्र में ला दिया है। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रत्येक परिवार को सालाना दस लाख रुपये तक के इलाज का प्रावधान भी सरकार की जन-कल्याणकारी छवि को मजबूत करता है। इन योजनाओं का राजनीतिक लाभ मिलना स्वाभाविक है, क्योंकि मतदाता उन सुविधाओं को अधिक महत्व देते हैं, जिनका असर उनके रोजमर्रा के जीवन पर पड़ता है।

महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की योजना भी आप के लिए चुनावी लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकती है। 'मान दा मुनाफा' के नारे के जरिये पार्टी यह बताना चाहती है कि उसकी योजनाओं से परिवारों को कितनी आर्थिक राहत मिली है। बेशक, नशे की समस्या, कानून-व्यवस्था, रोजगार और राज्य पर बढ़ते कर्ज जैसे सवाल राज्य सरकार के सामने हैं, लेकिन चुनाव केवल समस्याओं के आधार पर नहीं लड़े जाते; मतदाता यह भी देखते हैं कि किस दल ने उनके जीवन में प्रत्यक्ष बदलाव किया है? मतदाताओं पर सरकार का बढ़ता प्रभाव ही है कि आप के विधायकों को तोड़ने की कोशिशें हो रही हैं। कुछ विधायक टूटकर दूसरे दल में गए भी हैं, लेकिन इन सबसे पार्टी की सेहत पर कुछ असर नहीं पड़ रहा।

सुरजीत कुमार, टिप्पणीकार



सुबह आफत इन दिनों नई दिल्ली में इंडिया गेट पास से भी बहुत साफ नहीं दिखाई पड़ता है। पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दृश्यता घट गई है। धूल, धुआं और कोहरा शहर में ठहरने लगा है। तेज बारिश के संकेत नहीं हैं और हवा की गति भी बहुत धीमी पड़ गई है। सुबह 7:30 का नजारा।



दोपहर कुछ राहत थोड़ी धूप और दिन की हलचल से राष्ट्रीय राजधानी में दृश्यता कुछ बढ़ जाती है। हालांकि, इंडिया गेट तब भी बहुत साफ नजर नहीं आता है। यह दृश्य दिन के 3 बजे का है और 4 बजे के बाद वायु प्रदूषण फिर रफ्तार पकड़ने लगता है। ● संचित खन्ना

प्रदूषण का फिर तेज प्रहार

बीते कुछ वर्षों से एक मौसम प्रदूषण का भी आने लगा है और उसकी शुरुआत हो चुकी है। हवा खराब श्रेणी से खतरनाक श्रेणी तक पहुंचने लगी है। दिसंबर में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण के चरम पर पहुंचने की आशंका है। शायद सुधार के प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। बढ़ते प्रदूषण का जायजा ले रही है पारस सिंह की खास रिपोर्ट...

दिल्ली में दिवाली से एक सप्ताह पहले ही रविवार तड़के आसमान में प्रदूषण की घनी धुंध छा गई। संकेत मिल गया कि उत्तर भारत में भारी प्रदूषण का मौसम शुरू हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब या खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है, जिससे पिछले सप्ताह की बारिश से मिली थोड़ी राहत को लोग भूल चुके हैं। पूर्वानुमानों के अनुसार, आने वाले दिनों में स्थिति और बिगड़ने की आशंका है और हवा सप्ताह के उत्तरार्ध में अत्यंत खराब श्रेणी में पहुंच सकती है।

अब हर दिन की यही कहानी है। शाम ढलने के साथ प्रदूषण बढ़ता चला जाता है। मिसाल के लिए, बीते रविवार को शाम 6 बजे एक्यूआई 272 था, रात 10 बजे तक 287 और रात 11 बजे तक 290 दर्ज किया गया। कोई शक नहीं, ऐसे में भारी बारिश ही राहत लाती है। इस रविवार से पहले के शुक्रवार को जब दिल्ली में बारिश हुई थी, तब वायु गुणवत्ता अचानक सुधर गई थी। तब एक्यूआई को 60 दर्ज किया गया था। क्या अब बारिश की संभावना है?

अनुमान है, आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता बिगड़ती चली जाएगी। ऐसा हर साल क्यों होने लगा है? जनहानि के आंकड़ों पर ध्यान देना होगा। भारत में हर दिन वायु प्रदूषण की वजह से 4,600 से ज्यादा लोगों की जान चली जाती है। भारतीयों की आयु औसतन साढ़े तीन साल घट जाती है। शायद हम अभी भी प्रदूषण को पूरी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। साल 2000 में वायु प्रदूषण की वजह से 14 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और साल 2023 में यह संख्या 20 लाख को पार कर गई।

सुधार के लिए लागू हुए उपाय

गौरतलब है कि दिल्ली की शीतकालीन प्रदूषण कार्य योजना रविवार से लागू हो गई है, जिसके तहत बीएस-4 उत्सर्जन मानकों से नीचे के गैर-दिल्ली वाहनों पर प्रतिबंध है। धूल उत्पन्न करने वाले सभी तोड़-फोड़ और बाहरी निर्माण कार्यों पर रोक लग गई है। कार्यालयों में 50 प्रतिशत उपस्थिति और घर से काम करना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार हर मुमकिन उपाय करती दिख रही है, लेकिन तब भी प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। समाधान या सुरक्षा उपायों की लगातार निगरानी करने की जरूरत है, ताकि जमीनी स्तर पर वायु गुणवत्ता में सुधार नजर आए। पर्यावरण विशेषज्ञ यह मान रहे हैं कि यह प्रदूषण को प्राथमिकता देने का समय है। पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अलग से प्रदूषण प्रतिरोधी कार्ययोजना बनाकर युद्ध स्तर पर उपाय आजमाने की जरूरत है।

एक शहर में कई तरह की हवा

गौर करना होगा, किसी भी शहर में प्रदूषण अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग दर्ज किया जाता है। जैसे रविवार को दिल्ली में ही 59 निगरानी केंद्रों में से 57 के आंकड़ों से पता चलता है कि 22 केंद्रों पर वायु गुणवत्ता को बहुत खराब दर्ज किया गया। मिसाल के लिए, उस दिन दिल्ली में औसत वायु गुणवत्ता 271 दर्ज हुई, पर वहीं जहांगीरपुरी में 378 दर्ज की गई। यही स्थिति अनेक शहरों में है। कोई क्षेत्र ज्यादा प्रदूषित है, तो कोई कम। जाहिर है, कम प्रदूषित क्षेत्रों से सीखने की जरूरत है।

पराली जलाने का योगदान?

राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण में पराली जलाने का योगदान रविवार को बढ़कर 18.57 प्रतिशत हो गया, जो शनिवार को 5.33 प्रतिशत था। पिछले आंकड़ों से पता चलता है कि खेतों में आग लगने से प्रदूषण का योगदान आमतौर पर नवंबर के पहले सप्ताह में चरम पर पहुंच जाता है।

दिल्ली में तंदूर रफ्तार पकड़ रही है। आमतौर पर, कम तापमान, हवा की कम गति और कोहरे के कारण प्रदूषक सतह के पास ही फंस जाते हैं, जिससे उनका फैलाव धीमा हो जाता है। विश्लेषण से पता चला है कि रविवार शाम 4:30 बजे तक दिन के समय प्रदूषण जमीन से 1,100 मीटर ऊपर तक फैल गया था। नवंबर की शुरुआत में आमतौर पर दोपहर के समय 1,300 मीटर ऊपर तक फैल जाता है।

कहां से आ रहा प्रदूषण?

एनवायरोकैटलिस्ट्स की प्रोग्राम मैनेजर जिनिता वर्गीज बताती हैं कि दिल्ली की हवा में मौजूद महीन कणों का दो-तिहाई हिस्सा शहर के बाहर से आता है, जिसमें एनसीआर के उद्योग और यातायात, झज्जर जैसे कोयला बिजली संयंत्र और पूरे क्षेत्र में जलने वाले कोयले के कण शामिल हैं। वहीं, दिल्ली का अपना यातायात अभी भी प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। वर्गीज बताती हैं, लगभग 40 प्रतिशत कण वायुक्षेत्र में छोड़ी गई गैसों से बनते हैं, इसलिए कोयले, ईंधन और पराली से निकलने वाला धुआं 'द्वितीयक' प्रदूषण के रूप में दिखाई देता है और इसकी मापने में चूक हो सकती है।

बहरहाल, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में पराली जलाने के 1,300 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सूचना के अधिकार के तहत दिए गए जवाब में बताया है कि 15 सितंबर से 29 अक्तूबर के बीच पराली जलाने के 1,383 मामले दर्ज किए गए थे। इनमें से सबसे अधिक मामले पंजाब से और उसके बाद उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए थे।

निगरानी और जुर्माने के बावजूद

खेतों में आग लगने की घटनाओं पर नजर रखने का काम हर साल 15 सितंबर से शुरू हो जाता है। पंजाब और हरियाणा में धान की पराली जलाने को अक्तूबर और नवंबर के महीनों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण में मौसमी वृद्धि के प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की प्रतिक्रिया में कहा गया है कि राज्य सरकारों से प्राप्त कार्रवाई रिपोर्टों के अनुसार, पंजाब में लगाया गया जुर्माना 17.5 लाख था, जिसमें से 13.1 लाख वसूल किए जा चुके हैं। अफसोस, जुर्माने के बावजूद पराली जलाने की आदत छूट नहीं रही है।

धूल का कटोरा बनते शहर

भारत के कई शहर धूल के गुबार में तब्दील हो चुके हैं। दिल्ली और कानपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के शोधकर्ताओं द्वारा 2024 में प्रकाशित शोध पत्र (जो *साइंस ऑफ द टोटल एनवायरनमेंट* पत्रिका में छपा) में पाया गया था कि भारतीय सड़कों पर धूल या गाद की मात्रा विकसित देशों की तुलना में 25-30 गुना ज्यादा है।

शोधकर्ताओं ने भारत के 32 शहरों में 259 स्थानों से आंकड़े एकत्र किए और पाया कि 55% मामलों में सड़क की धूल का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देशों से अधिक था। उन्होंने अनुमान लगाया कि सड़क की धूल से होने वाले पीएम2.5 प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष लगभग 10,000 लोगों की जान जाती है।

बोस्टन स्थित हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट और वाशिंगटन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिसिन में स्थित इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन द्वारा तैयार की गई स्टेट ऑफ द ग्लोबल एयर रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत में 20 लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण से होती हैं।

पीएम2.5 से तात्पर्य 2.5 माइक्रोन से कम आकार के कणों से है, जबकि पीएम10 मतलब 10 माइक्रोन से कम व्यास वाले बड़े कण। ये दोनों ही हानिकारक प्रदूषक हैं, जो अपने छोटे आकार के कारण आसानी से सांस के साथ अंदर चले जाते हैं। आईआईटी के अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारत के महानगरों में पीएम2.5 और पीएम10 के स्तर में 30 से 60 प्रतिशत योगदान सड़क पर होने वाली धूल के उत्सर्जन का होता है।


पर्यावरण थिंक टैंक, डब्ल्यूआरआईइंडिया द्वारा 2026 में प्रकाशित एक शोध में पाया गया कि मुंबई, अहमदाबाद और इंदौर में धूल या गाद की मात्रा एक से 20 ग्राम/वर्ग मीटर के बीच थी (यह किसी क्षेत्र में धूल के भार का माप है)। धूल की मात्रा मुंबई के कुछ क्षेत्रों में 6.8 ग्राम/वर्ग मीटर, इंदौर में 4.9 ग्राम/वर्ग मीटर और अहमदाबाद में 19.7 ग्राम/वर्ग मीटर देखी गई। गौरतलब है, इटली के मिलान शहर में धूल का स्तर 0.006-0.066 ग्राम/वर्ग मीटर के बीच रहता है। विश्व स्तर पर मंजूर मानक 1-2 ग्राम प्रति वर्ग मीटर से कम है। भारत में धूल हटाकर वायु प्रदूषण को 35 प्रतिशत तक घटाया जा सकता है। मतलब, उड़ती धूल को जमीन पर लाने और सड़कों को साफ करने के लिए सरकारों को लंबा सफर तय करना है।

Hindustan Times



दुनिया के बड़े शहरों में भारत की राजधानी दिल्ली सबसे प्रदूषित

किस महीने में कितना प्रदूषण (2025)




20,00,000
से ज्यादा लोग भारत में प्रति वर्ष वायु प्रदूषण की वजह से जान गंवाते हैं।

16,500
करोड़ रुपये से ज्यादा धन 2019 के बाद 130 शहरों की हवा साफ करने पर खर्च हुआ है।


दिल्ली में बीते 7 दिन में कैसे घटा-बढ़ा वायु प्रदूषण?

28 अक्तूबर से 3 नवंबर तक (एक्यूआई)



इस प्रदूषण की वजह क्या है?

अभी दिल्ली के वायु प्रदूषण में हिस्सेदारी



वायु प्रदूषण में हिस्सेदारी हर दिन बदलती है

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

ग्रेटर नोएडा : एक्यूआई - 435
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित ग्रेटर नोएडा का हाल बुरा है। मंगलवार, 3 नवंबर दोपहर बाद वायु गुणवत्ता खतरनाक श्रेणी में पहुंच गई।

नोएडा : एक्यूआई - 421
उत्तर प्रदेश का यह सिरमौर शहर प्रदूषण से अक्सर हारता रहता है। यहां अभी हवा खराब है और धूल के कणों की अधिकता है।

गाजियाबाद : एक्यूआई - 417
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित इस महत्वपूर्ण शहर के लोग प्रदूषण से पीड़ित हैं। वर्ष में लगभग आधे दिन यहां हवा खराब रहती है।

नई दिल्ली : एक्यूआई - 413
देश के गौरव इस महानगर की देश-दुनिया के प्रदूषित इलाकों में गिनती होती है। 3 नवंबर दोपहर बाद एक्यूआई बहुत बढ़ गया था।

गुरुग्राम : एक्यूआई - 378
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की शान यह आधुनिक शहर धूल, धुआं, जलभराव और प्रदूषण से पीड़ित रहने को मजबूर रहा है।

कई शहरों में साफ हवा

हैदराबाद : एक्यूआई - 63
दक्षिण का यह महानगर इन दिनों बारिश की वजह से बहुत साफ है, पर यहां औसतन वायु गुणवत्ता 100 से नीचे रहती है।

बेंगलुरु : एक्यूआई - 70
कर्नाटक की राजधानी यह शहर परिवेश के मामले में देश की शान है। आमतौर पर यहां वायु गुणवत्ता 90 से नीचे रहती है।

चेन्नई : एक्यूआई - 76
तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में भी बारिश का समय है, हवा साफ है। वैसे भी औसतन यहां एक्यूआई 85 से ऊपर नहीं जाता है।

देहरादून : एक्यूआई - 87
उत्तराखंड की राजधानी की गिनती उत्तर भारत के साफ बड़े शहरों में होती है। यहां एक्यूआई औसतन 90 से नीचे रहता है।

पटना : एक्यूआई - 90
बिहार की राजधानी में इन दिनों हवा कुछ स्वच्छ है। आमतौर पर यहां एक्यूआई का सालाना औसत 130 के पार नहीं जाता है।

रोजनामचा

तिथि और त्योहार | पंचांग | पं. ऋषुकांत गोस्वामी

04 नवंबर, बुधवार, **शक संवत्** : 13 कार्तिक (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 19 कार्तिक मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 23 जमादि उल्लावल 1448, **विक्रमी संवत्** : कार्तिक कृष्ण दशमी। **तिथि** : प्रात: 11.04 मिनट तक दशमी तिथि। **नक्षत्र** : पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 03.30 मिनट तक। **योग** : ब्रह्म योग प्रात: 08.01 मिनट तक, पश्चात ऐन्द्र योग सूर्योदय पूर्व 06.27 मिनट तक, तदनंतर वैधृति योग। **चंद्र राशि** : चंद्रमा सिंह राशि में (दिन-रात)। **सूर्य** : दक्षिणायन। शरद ऋतु।
राहुकाल : दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक।
शुभ समय : प्रात: 06.35 मिनट से प्रात: 07.57 मिनट तक।
सावधानी बरतें : प्रात: 09.20 मिनट से प्रात: 10.42 मिनट तक, दोपहर 01.26 मिनट से दोपहर 02.49 मिनट तक।
व्रत-त्योहार : प्रात: 11.04 मिनट के पश्चात एकादशी तिथि।

आज की वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

विभिन्न दिशाओं में दोष होने से क्या समस्या होती है एवं समाधान क्या है?

- **उत्तर पूर्व दिशा** में दोष हो, तो स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होती है। भारी सामान हटाकर दिशा को साफ और खुला रखें। दक्षिण पूर्व दिशा में दोष हो, तो आर्थिक परेशानी व दुर्घटना की आशंका मानी जाती है। यहां रसोई, इलेक्ट्रिक उपकरण या गुलाबी बल्ब का प्रयोग करें। उत्तर-पश्चिम में कामों में रुकावट और परिवार या कर्मचारियों का सहयोग न मिलने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। भारी सामान व दीवार से जुड़ी वस्तुएं रखने से बचें। दक्षिण पश्चिम दिशा में दोष जीवन में अस्थिरता, तनाव एवं विवाह में बाधाएं दे सकता है। यहां भारी सामान रखें एवं स्थान को ढककर रखें।
- **आज का शुभ रंग** : हरा। **आज की दिशा** : यात्रा के लिए शुभ दिशा दक्षिण, पश्चिम एवं पूर्व। **अशुभ दिशा** : उत्तर। **उपाय** : धनिया खाकर निकलें।

पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
नविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं।

वृष : मन परेशान रहेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

मिथुन : संयत रहें। कला व संगीत में रुचि बढ़ सकती है। लेखन आदि कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के साधन बनेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क : मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें।

सिंह : आत्मविश्वास में कमी रहेगी, परंतु मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन और स्थान परिवर्तन हो सकता है। खर्च बढ़ेंगे।

कन्या : मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

तुला : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मित्र के सहयोग से लेखनादि से आय वृद्धि हो सकती है। माता की सेहत का ध्यान रखें।

वृश्चिक : मन परेशान हो सकता है। पिता एवं जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। कारोबार में आय में कमी हो सकती है।


धनु : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। संतान की सेहत का ध्यान रखें। लेखन आदि कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

मकर : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम बढ़ेगा।

कुंभ : पटन-पाटन में रुचि बढ़ेगी। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मित्र के सहयोग से लेखन कार्यों से आय बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

मीन : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

वर्ग पहेली : 8502



बाएं से दाएं
2. आतंक फैलना; क्षोभ उत्पन्न होना; घबराहट फैलना; हलचल होना (4,3)
5. आगे की ओर बढ़ाना; छितराना; फैलाना (4)
6. इन दिनों; इस समय; एक-दो दिन में (4)
8. अपराधी; दोषी; कसूर करने वाला (5)
12. खुला; जिसमें हवा आने जाने का प्रबंध हो (4)
13. रुकना; फंसना; अड़ना; उलझना (4)
15. चर्चा करना; वार्तालाप करना (4,3)

ऊपर से नीचे
1. भारी हेर-फेर; संपूर्ण परिवर्तन; नवीनीकरण; शरीर का पूरी तरह से बदला जाना (2,3)
2. खौफनाक; डरावना; भयानक; मारक; जोखिमपूर्ण (5)
3. आफत; विपत्ति; संकट; प्रेत बाधा; रोग; एक पौधा जिसकी जड़ दवा के काम आती है; पृथ्वी (2)
4. उन्नति करना; जगमगाना; दमकना; सहसा दर्द होना (4)
7. जिसमें परखने की शक्ति हो; पहचान करने वाला; परीक्षक (3)
9. फिसल जाना; गिर जाना (3,2)
10. जननायक; जन-नेता (5)
11. हाल ही में आया हुआ (4)
14. कलंक; छाप; निशान; नाटक का एक खंड; 1 से 9 तक की संख्याएं (2)

हरीश चन्द्र सन्सी
विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8501



सुडोकू : 8456

*मध्यम

		1	8					5
			1		5	3		7
	6					2		
9	8			4				
				8			7	3
		2					9	
5		4	9		7			
3					2	7		

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8455

7	2	9	8	4	3	6	5	1
3	4	1	5	2	6	8	9	7
8	5	6	7	9	1	4	2	3
2	7	8	9	5	4	1	3	6
1	6	5	3	7	2	9	4	8
9	3	4	1	6	8	5	7	2
6	8	2	4	3	9	7	1	5
5	9	3	6	1	7	2	8	4
4	1	7	2	8	5	3	6	9

प्रेरणा

विपरीत परिस्थितियों में कुछ लोग टूट जाते हैं, तो कुछ लोग रिकॉर्ड तोड़ते हैं। - शिव खेड़ा

संपादकीय

शिक्षा-स्वास्थ्य के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं जरूरी

विश्व बैंक की ताजा पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ रिपोर्ट में भारत में तेजी से गरीबी कम होना खुशी का बात है। लेकिन रिपोर्ट का एक अंश चिंताजनक भी है। इसके अनुसार यूपी-बंगाल पट्टी (झारखण्ड और बिहार समेत) का देश की आबादी में हिस्सा तो 35% है, लेकिन 57% गरीब भी इन्हीं चार राज्यों में हैं। इसके उलट अगर चार प्रमुख औद्योगिक राज्यों- गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक को लें तो नीति आयोग और एनएसओ के उपभोक्ता खर्च के आधार पर उनमें देश की कुल आबादी का 24% है, लेकिन गरीब मात्र 15% हैं। समय के साथ गरीबी महज उपभोक्ता खर्च से नहीं मापी जा सकती। 1967 तक भारत में अनाज सबसे बड़ी जरूरत थी, लेकिन आज व्यक्ति की जरूरत मात्र पेट भरना नहीं है। उसे बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा की भी दरकार है, जो उसे उत्पादक नौकरी दिला सके। उसे ऐसी स्वास्थ्य सेवा की जरूरत है, जो महंगी इलाज से बचा सके। पांच किलो मुफ्त अनाज भूख से मौतें तो बचा सकता है, पर रोजगारपरक शिक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। तब बच्चे स्कूल-कॉलेज छोड़ युवा आयु में गिग वर्कर बनने को मजबूर होंगे। खोमचे-ठेला लगाकर परिवार का पेट भरना मुमकिन है, पर अच्छी शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य पाना नहीं। समाज के लिए सबसे जरूरी लेकिन लगातार महंगी होती इन सेवाओं से उदारीकरण के बाद से सरकारों ने हाथ खींचने शुरू किए हैं। नतीजतन शिक्षा और स्वास्थ्य महंगे होते चले गए हैं। सबके विकास के लिए शिक्षा-स्वास्थ्य के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं जरूरी हैं।

जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com

धर्म को सही मायने में समझ अपने जीवन में उतारा जाए

इन दिनों जीवन के हर क्षेत्र में राजनीति ही दिखती है। नैतिकता तो जैसे कहीं खत्म ही हो गई है। और राजनीति ने सबसे अधिक नुकसान किया धर्म में प्रवेश करके। धर्म की राजनीति में तीन तरह के लोग आए। एक थे प्रगतिशील, उन्होंने थोड़ा-बहुत सदुपयोग किया, लेकिन अपने स्वार्थ के लिए बड़ी सावधानी से दुरुपयोग भी कर लिया। दूसरे परंपरावादी रहे- कई अच्छी बातों के प्रति उन्होंने जानबूझकर आंख बंद की, लिहाजा धर्म का नुकसान हुआ। फिर आए राजनेता। इन्होंने तो कोई कसर छोड़ी ही नहीं। इसीलिए धर्म के प्रति नए बच्चों में उदासीनता आ गई है। जो सच्चे साधु-संत थे, वो तटस्थ रह गए। धीरे-धीरे यह राजनीति चली और घर-परिवार में प्रवेश कर गई। पति-पत्नी एक-दूसरे से राजनीति करें, यह समझ आता है, क्योंकि इस रिश्ते में सर्वाधिक अपेक्षा होती है। लेकिन अब माता-पिता और बच्चों के बीच भी राजनीति चल रही है। अपना हित साधो, सामने वाले को दरकिनार करो। और राजनीति की ऐसी स्थितियां परिवार के लिए बड़ी घातक हैं। इस सब का एक ही रास्ता है- धर्म को सही मायने में समझा जाए और जीवन में उतारा जाए। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

शब्दों का जादू

पिता का जाना

यूं तो पिता लिबास ही नहीं मिजाज से भी रंगीन थे
पर आखिर आखिर में उन्होंने चुना सफेद
सफेद फर्श, सफेद दीवारें, सफेद पर्दे
सफेद ड्रिप, फाहे, नर्स, डॉक्टर, आवाजें

पांच दिन आईसीयू और प्राइवेट वार्ड में
बिताने के उपरांत जब वे लौटे घर
तो उन्होंने पसंद नहीं किया पलंग पर तकिए का सिरहाना
बिना ना-नुकुर लेट गए फर्श पर सफेद चादर लपेट
बगल में चल रही तमाम घटनाओं से
सर्वथा अविचलित, अनभिज्ञ, निस्पृह, निर्विकार

सहसा मेरी निगाह गई पैताने-
खिसकी हुई चादर से दिखाई दे रहा था टखने
का जख्म जो भरा नहीं था
अंतिम यात्रा में पिता के साथ वह भी रहा
जब चिता पर लिटाए पिता वह भी गया लेट
आग की लपटों में वह भी चिटखा
लाल पीली नीली बैंजनी सुनहरी
धूसर अगणित रोशनियों में
जाते-जाते एक बार फिर पिता हुए रंगीन!

-दिनेश अत्री, सागर (मध्यप्रदेश)

(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

पाठकों के पत्र

स्थानीय प्रशासन समाधान करे

आवारा कुत्तों का आतंक असहनीय होता जा रहा है। बच्चों और महिलाओं पर इनके हमले और काटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा इस समस्या का समाधान नहीं किया जाना चिंताजनक है।
-हार्दिक जैन, इंदौर, मध्यप्रदेश

नियमित ट्रेनें हैं स्थायी हल

त्योहारों पर हर साल राजस्थान समेत उत्तर भारतीय राज्यों के लाखों लोग सूरत से अपने घर लौटते हैं। रेलवे द्वारा अतिरिक्त ट्रेनें चलाने के बावजूद स्टेशनों पर अफरा-तफरी रहती है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए मुंबई से उदयपुर के लिए दो नियमित ट्रेनें चलाई जानी चाहिए। -कांतिलाल मांडोत, सूरत, गुजरात

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

मन की प्रयोगशाला

आदतें बदलने से बदलेगी परिपाटी

ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ सरे का एक शोध इंसानी आदतों को लेकर बड़ा खुलासा करता है। शोध के मुताबिक, हम रोजमर्रा के जीवन में करीब 65% गतिविधियां सोच-समझकर करने के बजाय 'आटोपायलट मोड' पर करते हैं। दिमाग हमारी रोजाना की आदतों के आधार पर हमसे ऐसा करवाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार यदि हम इसमें स्थायी बदलाव चाहते हैं तो हमें नई और सकारात्मक आदतें अपनानी चाहिए।

बामुलाहिजा • इजराइल में विभाजन की खाई चौड़ी, वहां अरबों को अलग करके ही सत्ता में आ सकते हैं

नेतन्याहू हारे नहीं इसलिए 'जीत' गए हैं

इजराइल



शेखर गुप्ता

एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'

@ShekharGupta

एक दशक से एक-दूसरे के 'दोस्त' ट्रम्प और नेतन्याहू पश्चिम के उदारवादियों और वामपंथियों की निंदनीय लोगों की लिस्ट में अव्वल नंबर पर आने की होड़ लगाते रहे हैं। इनके पतन की खाहिश और भविष्यवाणी की जाती है, लेकिन ये निंदकों को निराश करते रहते हैं। ट्रम्प दो बार चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बने। नेतन्याहू गत 17 में से 16 वर्ष सत्ता में रहे, सिवा 2021-22 के जब दो पूर्व प्रधानमंत्रियों- नफ्ताली बेनेट व यायर लैपिड ने उनके खिलाफ गठजोड़ कर लिया था।

इस बार चुनाव में नेतन्याहू को फिर से जनादेश तो नहीं हासिल हुआ, लेकिन सबसे ज्यादा सीटें मिलीं और धुर दक्षिणपंथियों का समर्थन उन्हें हासिल है। वे गठबंधन करने की बेहतर स्थिति में हैं। या वे जोड़तोड़ करके दोबारा चुनाव करवा सकते हैं, जो कि इजराइल में कोई असामान्य बात नहीं है। नेतन्याहू की 'जीत' इसलिए मानी जाएगी, क्योंकि उन्हें हराया नहीं जा सका है। हमास की 'कृपा' से उन्होंने इजराइल को पूरी तरह बदल दिया है। उनके प्रतिद्वंद्वी गादी आइजेनकोट ने अगर अरब पार्टियों से हाथ मिलाया होता तो बहुमत पा जाते।

लेकिन अब कोई भी यहूदी समूह हमास को आतंकवादी घोषित किए बिना अरबों से हाथ नहीं मिला सकता। अरब पार्टियां भी ऐसा नहीं कर सकतीं, और न करेंगी। और ऐसा कोई गठबंधन इजराइल के अरब नागरिकों का समर्थन खोए बिना नहीं बन सकता। नेतन्याहू और हमास ने इजराइल में इसी तरह का बदलाव ला दिया है। इजराइल में अब कोई 'मध्यमार्ग' नहीं है।

अमेरिका में भी डेमोक्रेटिक पार्टी कुछ संतुलन बहाल कर सकती है, लेकिन इससे वह हकीकत नहीं बदल जाएगी, जिसने ट्रम्प को सत्ता दिलाई। प्रवासियों, व्यापार और मानवाधिकार के मसलों पर ट्रम्प ने जिस तरह अपनी छाप छोड़ी है, वह लंबे समय तक रहेगी। ट्रम्प-नेतन्याहू के जलवे को समझने के लिए हमें यह कबूल करना पड़ेगा कि वोटर अब दिमाग की जगह दिल से फैसले लेते हैं, विचारधारा की जगह लेन-देन वाले समीकरण को ज्यादा तरजीह देते हैं।

तो वे किस तरह की 'डील' चाहते हैं? उनके लिए अर्थव्यवस्था महत्व रखती है। लेकिन इससे भी ज्यादा महत्व वे इन तीन मुद्दों को देते हैं : राष्ट्रीय सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा और अपनी पहचान। अमेरिका में ट्रम्प ने कानून-व्यवस्था, प्रवासियों और 'अतिवादी' राजनीतिक शुद्धता यानी शिक्षा जगत में 'विविधता-समता-समावेश' के प्रति झुकाव, स्त्री-पुरुष समानता, और सीमाओं के खुलेपन जैसे मुद्दों पर दूसरा चुनाव जीता। अश्वेतों के पक्ष में 'ब्लैक लाइव्स मैटर' आंदोलन और गाजा के सवाल पर उदारवादी समूहों के आक्रोश ने ट्रम्प की मदद ही की। तब सवाल उठा कि इन मुद्दों पर श्वेत अमेरिकी और तमाम हिस्पैनिक लोग किस पर भरोसा करेंगे? ट्रम्प पर या कमला हैरिस पर? राष्ट्रीय सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा और पहचान जैसे मुद्दों के मुकाबले दूसरे मुद्दे मामूली और गौण माने जाते हैं।

इजराइल की कथा अनंत है। वहां एक ही मुद्दे पर चुनाव लड़ा गया और वह था राष्ट्रीय सुरक्षा। उनके लिए 'होलोकास्ट' (यहूदियों के नरसंहार) के बाद 7 अक्टूबर 2023 को हुआ हमला ही सबसे यातनादायी है। इसके अलावा, पिछले करीब तीन दशकों से ईरान ने 'रिंग ऑफ फायर' (आग के घेरे) या 'एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस' (प्रतिरोध की धुरी) से उनकी घेराबंदी कर रखी है। अंतहीन लड़ाइयों ने इजराइलियों को सख्त बना दिया है। लेकिन 7 अक्टूबर पहला मौका था, जब यहूदी आबादी ने अपने ही गढ़ में खुद को अपनी रक्षा करने में असमर्थ पाया था। इससे इजराइल को बदल दिया। इससे उसे आगे की लड़ाई के लिए तैयार किया और नेतन्याहू को सरकार विरोधी आक्रोश से बचा लिया।

भारत समेत तमाम लोकतंत्रों में जो ठेठ उदारवादी बहस चलती है, उसके विपरीत इजराइलियों की



राष्ट्रवाद की परीक्षा का प्रश्न

इजराइल में मुस्लिम अरबों की आबादी 20 फीसदी से ज्यादा है। वे सरकारी सेवाओं, व्यवसायों और सेना तक में काम कर रहे हैं। रिकॉर्ड मतदान करके उन्होंने 120 सीटों वाली संसद में 19 सीटें जीती हैं, लेकिन उन्हें कोई भी साथ नहीं लेना चाहेगा। इजराइल के व्यापक परिदृश्य में वे राष्ट्रवाद की परीक्षा में फेल हो जाते हैं।

तर्कवादी, लोकतांत्रिक परंपरा गहरी रही है। वहां एक मजबूत, उदार और मुखर समूह रहा है, जो फिलिस्तीनियों से सहानुभूति रखता है, वेस्ट बैंक में आकर बसे लोगों की हिंसा से नफरत करता है और एक ही क्षेत्र में 'दो देश' के विचार तक का समर्थन करता है। वर्षों से मैं जिस इजराइली अखबार 'हारेत्ज' का पाठक हूं, वह भारतीय मुख्यधारा के अखबारों के मुकाबले ज्यादा वामपंथी झुकाव वाला है। यह अखबार नेतन्याहू का घोर आलोचक रहा है और ऐसी खोजी खबरें देता रहा है, जो उन्हें भारी राजनीतिक नुकसान पहुंचा सकती थीं। इसने ऐसी खबरें भी दी कि नेतन्याहू ने 7 अक्टूबर के हमले के बारे में मिस और यूएई की पूर्व चेतावनी की किस तरह अनदेखी की। इजराइल में चल रही बहसों में साजिशों की बातें उछालना कोई नई बात नहीं है।

दूसरी ओर ऐसी धुर कट्टरपंथी पार्टियां भी हैं, जो वेस्ट बैंक और गाजा से सभी फिलिस्तीनियों को निकाल बाहर करना चाहती हैं। संक्षेप में कहें तो इजराइली समाज में गहरे मतभेद मौजूद हैं, लेकिन व्यक्तिपूजा का स्वभाव उनमें नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि इन मतभेदों ने चुनाव को प्रभावित नहीं किया। इजराइलियों ने दो कट्टरवादियों में से एक को चुना। सवाल सीधा-सा था : इस भयावह रूप से असुरक्षित दौर में हम अपनी सुरक्षा के लिए किस पर ज्यादा भरोसा करें? नेतन्याहू ने जनरल गादी आइजेनकोट को आईडीएफ का चीफ नियुक्त किया था; उनका फौजी बेटा गाजा में लड़ते हुए मारा गया; और खुद वे हमास का खात्मा करने का संकल्प ले चुके हैं। काफी लोगों ने बदलाव का खतरा मोल लेने की जगह मौजूदा सरकार को ही बनाए रखने के पक्ष में वोट दिया।

इजराइल में अरब मतदाताओं का मजबूत वोट बेअसर क्यों रह जाता है? बताया जाता है कि 11 सीटें जीतने वाले गुट ने नजारेथ के अपने मुख्यालय में फिलिस्तीनी प्रतीकों के साथ जीत का जश्न मनाया। वे 7 अक्टूबर की 'निंदा' करते हैं, लेकिन इसे या हमास को आतंकवाद नहीं कहते। कोई यहूदी पार्टी उन्हें गले नहीं लगाएगी। इसलिए उनकी सीटों का कोई महत्व नहीं रह गया है। यह किसी भी चुनावी लोकतंत्र में अल्पसंख्यकों के लिए एक सबक है। अलग-थलग रहना उनके लिए शायद ही फायदेमंद है। उन्हें मुख्यधारा में जो स्वीकार्य लगते हैं उनके साथ जुड़ना चाहिए और गठबंधन करना चाहिए। इसके लिए वैचारिक समझौता करने की जरूरत पड़ेगी। अन्यथा वे हाशिये पर रह सकते हैं, इजराइली अरबों की तरह।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

विश्लेषण • यूपी व केरल में दो भिन्न दृश्य दिखते हैं

'लापता वोटरों' का अनुपात अलग-अलग राज्यों में भिन्न है

मतदाता सूची



ज्यां द्रेज़

प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री और समाजशास्त्री

भारत में 18 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की संख्या लगभग 100 करोड़ है। इनमें से कितने लोगों के नाम विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूरा होने के बाद मतदाता सूची में होंगे? इस सवाल का एक मोटा-मोटा जवाब दिया जा सकता है।

13 बड़े राज्यों की एसआईआर की अंतिम मतदाता सूचियां जारी हो चुकी हैं। राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग के अनुमानों के अनुसार, 1 मार्च 2026 को इन 13 राज्यों में 18 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की कुल संख्या लगभग 72 करोड़ थी। दूसरी ओर, इन राज्यों की एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची में कुल 63.5 करोड़ लोगों के नाम हैं। यानी वयस्क आबादी के लगभग 88 प्रतिशत लोगों के नाम अंतिम मतदाता सूची में हैं और 12 प्रतिशत वयस्क सूची से बाहर हैं।

अगर यही अनुपात पूरे भारत पर लागू करें तो अनुमान है कि एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची में लगभग 12 करोड़ वयस्कों के नाम नहीं होंगे। हम इन्हें 'लापता मतदाता' कह सकते हैं। अगर अंतिम सूची में कुछ ऐसे नाम भी शामिल हों, जो डुप्लीकेट हों या मृत व्यक्तियों के हों तो इनकी संख्या 12 करोड़ से भी अधिक हो सकती है।

इसका यह मतलब नहीं है कि 12 करोड़ लोग मतदाता सूची से हटाए गए हैं। लापता मतदाताओं की भी दो श्रेणियां हैं। पहली श्रेणी में वे लोग हैं, जिनके नाम पहले मतदाता सूची में थे, लेकिन एसआईआर के दौरान काट दिए गए। हम इन्हें 'हटाए गए मतदाता' कह सकते हैं। इनमें बहुत सम प्रवासी मजदूर होंगे, जिनके नाम उनके पुराने निवास स्थान की मतदाता सूची से हटा दिए गए, लेकिन नए निवास स्थान की सूची में नहीं जोड़े गए। दूसरी श्रेणी में वे लोग हैं, जिनके नाम एसआईआर शुरू होने से पहले भी मतदाता सूची में नहीं थे और अंतिम सूची में भी नहीं हैं। हम इन्हें 'छूटे हुए मतदाता' कह सकते हैं। इन छूटे हुए मतदाताओं में बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की भी है, जिनके नाम कभी मतदाता सूची में दर्ज ही नहीं हुए।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में 2024 में 18 से 29 साल की उम्र के कम से कम 40 प्रतिशत युवाओं के नाम मतदाता सूची में नहीं थे। इस बात की काफी संभावना है कि इनमें से बहुत से युवाओं के नाम अब भी मतदाता सूची से बाहर हैं। एसआईआर के दौरान इन युवा मतदाताओं के नाम क्यों शामिल नहीं किए गए हैं?

इसकी वजह यह है कि एसआईआर में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के बजाय नाम हटाने पर ज्यादा ध्यान दिया गया। वास्तव में, तमाम एसआईआर के पहले चरण में सिर्फ नाम हटाने पर ध्यान दिया जाता है। इस चरण में मतदाता सूची का मसौदा तैयार किया जाता है। इसके लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) उन लोगों के नाम हटाते हैं, जिन्हें वे अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहरे दर्ज पाते हैं।

केरल में अनुमानित वयस्क आबादी के 97% लोगों के नाम एसआईआर की अंतिम सूची में हैं। इसके विपरीत, यूपी में अनुमानित वयस्क आबादी और अंतिम मतदाता सूची में दर्ज लोगों की संख्या के बीच 17% का बड़ा अंतर है।

मसौदा सूची तैयार होने के बाद ही कुछ छूटे हुए मतदाताओं को अपना नाम जुड़वाने का मौका मिलता है। लेकिन तब तक बीएलओ बहुत थक चुके होते हैं। वे तथाकथित तार्किक विसंगतियों को दूर करने में इतने व्यस्त होते हैं कि उनके पास घर-घर जाकर छूटे हुए मतदाताओं को खोजने का समय या उर्जा नहीं बचती।

वयस्क आबादी के मुकाबले लापता मतदाताओं का अनुपात अलग-अलग राज्यों में काफी अलग है। केरल में ऐसे मतदाता बहुत कम दिखाई देते हैं। वहां अनुमानित वयस्क आबादी के 97 प्रतिशत लोगों के नाम एसआईआर की अंतिम सूची में हैं। इसके विपरीत, उत्तर प्रदेश में अनुमानित वयस्क आबादी और अंतिम मतदाता सूची में दर्ज लोगों की संख्या के बीच 17 प्रतिशत का बहुत बड़ा अंतर है। यह अंतर लगभग 2.8 करोड़ लोगों का है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में चुनाव कैसे कराए जा सकते हैं?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

दूरदृष्टि • ईरान में अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रहार

सिनेमा वो सच बयान करता है, जिसे हुकूमतें सुनना नहीं चाहतीं

साहस



प्रियदर्शन

लेखक और पत्रकार

priyadarshan.parag@gmail.com

ईरान की एक अदालत ने विश्वविख्यात फिल्मकार जफर पनाही को पांच साल की सजा सुनाई है। उनकी सम्पत्ति भी जब्त करने के आदेश दिए हैं। एक साल की सजा बीते साल सुनाई गई थी, उसमें चार साल और जोड़े दिए गए हैं। यह वही ईरान है, जिसने इन दिनों ट्रम्प को नाकों चने चबवा रखे हैं। अमेरिकी हमले में बुरी तरह तबाह होने, अपनी पूरी नेतृत्व-पंक्ति को नष्ट होता देखने और बहुत नुकसान झेलने के बावजूद ईरान ने जो दृढ़ता दिखाई है, जिस साहस से अमेरिका का सामना किया है, वह निश्चय ही प्रशंसनीय है।

